- 7 अक्तूबर, 2019 को स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा एकदिवसीय राष्ट्री संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 'साहित्य क्यों पढ़ें विद्यार्थी' विषय पर डॉ. विनय भारद्वाज (अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, बिहार) ने छात्राओं को सम्बोधित किया। प्राचार्या महोदया, प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी भी जीवन में साहित्य के महत्त्व से छात्राओं को अवगत कराया। इस संगोष्ठी में 70 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 2 मार्च, 2020 को हिन्दी विभाग द्वारा साहित्य एवं पत्रकारिता संबंध, सम्भावनाएं और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. के.के. रत्तू, (डायरैक्टर स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज़) जयपुर नैशनल यूनिवर्सिटी जयपुर ने बतौर स्रोत वक्ता छात्राओं को सम्बोधित किया।

**विभिन्न विभागों द्वारा पाठ्येतर गतिविधिया :**

- 4 अप्रैल, 2019 को भौतिक विज्ञान विभाग के द्वारा विद्यार्थियों में पुस्तक पाठन की अभिरुचि के विकास के लिए **पुस्तक समीक्षा** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 35 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 4 अप्रैल, 2020 को इतिहास विषय के विद्यार्थियों के लिए **'वर्ल्ड इन क्राइसिस : वर्ल्ड वार I'** विषय पर **वेबिनार** का आयोजन किया गया। प्रो. अमनदीप बल्ल, अध्यक्ष इतिहास विभाग, गु.ना.दे.वि. वि. अमृतसर ने बतौर स्रोत वक्ता छात्राओं को सम्बोधित करते हुए 100 साल पहले विश्व में फैली महामारी स्पेनिश फ्लू पर अपनी बात शुरू करते हुए इस बात पर व्याख्यान

का समापन किया कि हमें अपने इतिहास को स्मरण रखना चाहिए और यह भी सत्ताधारी नेताओं पर ही यह निर्भर करता है कि वे युद्ध और शांति में से किसका चयन करते हैं।

- सितम्बर 01, 2019 को संस्कृत श्लोकोच्चारण, प्रतियोगिता, संस्कृत पेपर रीडिंग कम्पीटिशन, संस्कृत सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन वीर आस्था भवन में किया गया।
- संस्कृत विषय की बी.ए. समस्तर V की छात्राओं सुश्री रिम्पल, विजयलता, डिम्पल को राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के द्वारा 4000 रु. वार्षिक (प्रति छात्रा) मैरिट स्कॉलरशिप इन मॉडल संस्कृत प्रदान किया गया।
- 17 फरवरी 2020 को विभागीय गतिविधियों में बायोटेक विभाग की 18 छात्राओं ने Sci.-Quiz में भाग लिया।
- 3 मार्च, 2020 को आयोजित की गई Junk Food and Determination of Quality Wheat कार्यशाला में बायोटेक विषय की 50 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 18-24 दिसम्बर, 2019 तक संस्कृत विभाग द्वारा कम्प्यूटेशनल **संस्कृत फॉर कैरियर एनहांसमैंट** विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्कूल फॉर संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज़, जे.एन.यू., नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई। सुश्री शगुन (गेस्ट लेक्चर्र, स्कूल फॉर संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज़ जे.एन.यू.नई दिल्ली ने छात्राओं को मशीनी अनुवाद, ट्रांसलिट्रेशन टूल्ज़ और लिंग्विस्टिकस, स्पीच टेक्नॉलिनी अंडर आर्टिफिशल इंटेलीजैंस के विषय में जानकारी दी। इसी के साथ छात्राओं को सी.वी. किंग, सोशल नेटवर्किंग, वॉयस मोड्यूलेशन जैसे प्रोफैश्नल कैरियर में उनकी सहायता करने वाले विषयों का भी प्रशिक्षण दिया गया।
- 11 फरवरी, 2020 को Know Your Country विषय **प्रश्नोत्तरी** का आयोजन शिव ज्योति पब्लिक स्कूल जालंधर में किया गया।
- 1 अगस्त, 2019 को भौतिक विज्ञान विभाग के द्वारा 'गुरु नानक देव जी एज़ साईंस टीचर' विषय पर **निबन्ध लेखन प्रतियोगिता** करवाई गई जिसमें 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 26 फरवरी, 2020 को विज्ञान संकाय ने 'नैशनल साईंस डे' 'वूमेन इन साइंस' विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुमन बी. बेरी, प्रो. (ऐमीरेट्स) डिपार्टमैंट ऑफ फिज़िक्स, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने 'गॉड पार्टिकल' विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। डॉ. वंदना भल्ला, एसो. प्रो. गुरु नानक देव वि.वि. अमृतसर ने 'सेलीब्रिटी साईंस' विषय पर व्याख्यान दिया। एम. एस. सी फिज़िक्स की छात्रा सुत्री अनुरीत ने विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भारत की महिलाओं पर प्रिज़ेंटेशन प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें 300 छात्राओं ने भाग लिया।
- 27 अगस्त, 2019 को आयोजित किए गए **प्रतिभा खोज** (टेलेंट हंट) कार्यक्रम में गणित विषय की 15 छात्राओं ने **'बीट द एयर पोल्यूशन'** थीम पर **कोरियोग्राफी** प्रस्तुत की।
- विभिन्न साधनों के उपयोग द्वारा वनस्पति प्रचार का प्रशिक्षण देने के लिए दिनांक 7 अगस्त, 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा **वेजीटेशन प्रोपोगेशन कार्यक्रम** का आयोजन किया गया जिसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया।
- 28 अगस्त, 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा **'अनुभूति'** शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बी.एस.सी. तृतीय तथा चतुर्थ समस्तर की छात्राओं ने बी.एस. सी. (मेडिकल) प्रथम समस्तर की छात्राओं की मेंटरिंग की और उनके साथ रिसर्च से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए। इस गतिविधि में 53 छात्राएं सहभागी हुईं।
- 2 सितम्बर, 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** में 50 छात्राओं ने भाग लिया।
- 2 नवम्बर, 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा **'प्लांट वेराइटी शो'** का आयोजन हुआ जिसमें बी. एस. सी. मेडिकल तथा एम.एस.सी बॉटनी की 35 छात्राओं ने पौधों के विभिन्न उपयोगों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

- 28 अगस्त, 2019 को पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ ज़ूओलॉजी द्वारा स्टुडेंट-स्टुडेंट मेंटरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 छात्राएं सम्मिलित हुई।
- 14 मार्च, 2020 को **पाई डे** मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित **पोस्टर मेकिंग** और **रंगोली मेकिंग** प्रतियोगिताएं करवाई गईं जिसमें गणित विषय की 70 छात्राओं ने भाग लिया।
- 21 जून, 2019 को राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा **इंटरनैशनल योग डे** मनाया गया जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया।
- 10 जून से 31 जुलाई 2019 तक **स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम** में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन तथा जल संरक्षण के प्रति छात्राओं को सजग करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।
- 8 सितम्बर, 2019 को **स्वच्छ सशक्त भारत कार्यक्रम** का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से किया गया जिसमें सफाई कर्मचारियों में वर्दियां वितरित की गईं। ज़िला प्रशासन के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र विषय में 100 छात्राओं ने भाग लिया।
- राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में अच्छे मूल्यों की उपयोगिता से अवगत करवाने के उद्देश्य से 28 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2019 तक **विज़ीलैंस अवेयरनैस सप्ताह** मनाया गया जिसके अन्तर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 21-08-2019 को फूड साईंस एंड माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग ने **अमचूर उत्पादन की विधि** से विद्यार्थियों को अवगत करवाया।
- 15 अक्तूबर, 2019 को फूड साईंस एंड माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग द्वारा विरसा विहार जालंधर में **फूड स्टाल** लगाया गया।
- 23 अक्तूबर, 2019 को फूड साईंस एंड माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग द्वारा कॉलेज कैम्पस में **फूड स्टॉल** लगाया गया।
- 18 फरवरी, 2020 को फूड साईंस एंड माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग द्वारा कॉलेज के ऐनुअल फेट **के.एम.वी. कार्निवाल में फूड स्टॉल** लगाया गया।
- स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त, 2019 को कॉलेज में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में कॉस्मोटॉलोजी विभाग की 06 छात्राओं ने भाग लिया।
- 14 अक्तूबर, 2019 को विरसा विहार में कॉस्मोटॉलिजी विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें विभाग की 10 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
- गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी, 2020 को विद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम में कॉस्मोटॉलोजी विभाग की 05 छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 18 फरवरी, 2020 को ऐनुअल फेट के.एम.वी. कार्निवाल में कॉस्मोटालोजी विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में विभाग की 10 छात्राओं ने भाग लिया।
- 20 दिसम्बर, 2019 को गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित हुए **स्पार्क मेला** में कॉस्मोटॉलोजी विभाग की 07 छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 3 अक्तूबर, 2019 को राजनीति विज्ञान विभाग ने **प्रिवेंट सबटल बर्निंग एंड सेव एन्वायरनमेंट** विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 26 नवम्बर, 2019 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 70वें **सेलीब्रेशन्स ऑफ द कांस्टीट्यूशन** का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को उनके मूलभूत कर्त्तव्यों के विषय में जागरूक किया गया। इस अवसर पर 35 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

- 10 दिसम्बर, 2019 को मानवाधिकार दिवस पर पर '**यूथ स्टैंडिंग अप फॉर ह्यूमैन राइटस**' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग की 50 छात्राएं शामिल हुईं।
- 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2019 तक आयोजित किए गए साप्तहिक **एन. एस. एस. कैम्प** (गांधी वनिता आश्रम, जालंधर) में 50 छात्राओं ने भाग लिया। इस कैम्प के दौरान छात्राओं में पढ़ने-लिखने की अभिरुचि के विकास के साथ उन्हें योगाभ्यास और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया।
- 11 जनवरी, 2020 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति के समुचित नियोजन के उद्देश्य से '**नैशनल यूथ डे**' मनाया गया, जिसमें 100 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 12 जनवरी, 2020 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा '**लुईस ब्रेल वेल्फेयर एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड**' शीर्षक से नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- 25 जनवरी, 2020 राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा **नेशनल वोटर्स डे** के अवसर पर मतदान के महत्त्व और आवश्यकता के सम्बन्ध में छात्राओं में जागृति उत्पन्न करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 14 फरवरी, 2020 को **Eco-Echo-Fest** का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत मॉक बजट, रंगोली मेकिंग तथा कोरियोग्राफी गतिविधियों में 50 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।
- 7 अगस्त, 2019 को विद्यालय के कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के द्वारा Effective Resume Writing and Interview Skills विषय पर लगाई गई कार्यशाला में 168 छात्राओं ने भाग लिया।
- छात्राओं को स्वच्छ एवं हरे-भरे वातावरण को बनाए रखने में पौधों की उपयोगिता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए पर्यावरण विज्ञान, विभाग (EVS Dept.) द्वारा 1-6 सितम्बर, 2019 तक पौधारोपण अभियान- ''नानक बगीची'' चलाया जिसमें लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- जल संरक्षण के लिए छात्राओं को सतर्क, संवेदनशील और कुशल बनाने हेतु पर्यावरण विज्ञान विभाग (EVS Deptt.) द्वारा 13 सितम्बर, 2019 को KMV Water Warriors प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 100 छात्राएं सहभागी हुईं।
- 16 सितम्बर, 2019 को पर्यावरण विभाग (EVS Dept.) द्वारा मनाया गया जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर छात्राओं को ओज़ोन परत की महत्ता और इसे सुरक्षित रखने हेतु पर्यावरण को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।
- पंजाबी साहित्य के वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि श्री मोहन सिंह की जन्म वर्षगांठ के अवसर पर पंजाबी के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. सुरजीत पात्र पदम श्री ने दिनांक 04.09.2019 को उनके द्वारा रचित महाकाव्य **नानकायन** को प्रस्तुत किया तथा संगीतकार के रूप में उनका साथ दिया लोकप्रिय सूफ़ी गायक श्री दिलदार ने। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समूह स्टाफ एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।
- गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव पर दिनांक 25-10-2019 को गुरु नानक देव जी के जीवन चरित्र पर श्री बलवंत गार्गी जी द्वारा रचित नाटक '**गगन में थाल**' का मंचन किया गया। इस नाटक का निर्देशन डॉ. महेन्द्र कुमार, प्रो. एमेराइटस, इंडियन थिएटर, पंजाब यूनीवर्सिटी, चंडीगढ़ ने किया और इसमें लगभग 50 छात्राओं ने विभिन्न चरित्रों को मंच पर जीवंत कर इस प्रस्तुति को यादगार बना दिया। उल्लेखनीय है कि इस नाटक में सभी पात्रों के कास्ट्यूम, मेकअप, नाटक का पार्श्व संगीत सभी की तैयारी में के.एम.वी. के विभिन्न विभागों, फैशन डिज़ाईनिंग, कॉस्मोटॉलोजी तथा संगीत विभाग ने सहयोग दिया।
- 26 फरवरी, 2020 को **पंजाबी मां बोली दिवस** पर एक रैली तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें लगभग 45 छात्राओं ने सहभागिता की।
- पंजाबी विभाग द्वारा अमृतसर के धार्मिक एवं साहित्यिक महत्त्व के स्थलों के दर्शनार्थ एक शैक्षिक ट्रिप का आयोजन दिनांक 01.03.2020 को किया गया।

- दिनांक 22.08.19 को अत: विभागीय संगीत प्रतियोगिता में युक्ता (बी.सी.ए. सेम. I), वर्षा (बी.ए. सेम. I), आरजू (बी. कॉम, सेम I) तथा निशिता (बी. वॉक सेम I), ग़ज़ल, गीत, शब्द गायन श्रेणी में भाग लिया तथा क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 13 अक्तूबर, 2019 को रोटरी क्लब, जालंधर में हुई अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिता में बी. कॉम, समस्तर-I की छात्रा आरजू ने **लोक गीत (एकल श्रेणी)** में द्वितीय तथा साधना (बी. ए. सेम. V) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और ओवल ऑल ट्राफी जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- 28-31 अक्तूबर, 2019 तक डी.ए.वी. जालंधर में हुए **ज़ोनल यूथ फेस्टिवल** में वेस्टर्न ग्रुप सांग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 7 नवम्बर, 2019 में दोआबा कॉलेज, जालंधर में हुए **दोआबा यूथ फेस्टिवल** में सुश्री युक्ता (बी.सी.ए. समस्तर-I) ने ग़ज़ल गायन में प्रथम तथा आरजू (बी. कॉम समस्तर-I) ने लोकगीत गायन में तथा सूफी गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 16-19 नवम्बर, 2019 तक लायलपुर खालसा कॉलेज़ में हुए **इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल** में वेस्टर्न ग्रुप सांग श्रेणी में के.एम.वी. की छात्राएं तृतीय स्थान पर रहीं।
- 27-12-2019 को श्री देवी तालाब मंदिर में हुए **हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन** में संगीत विषय की छात्राओं ने **सरस्वती वंदना** प्रस्तुत की।
- 13 फरवरी, 2020 को करतारपुर में हुए 36वें ऑल इंडिया फोल्क आर्ट नैशनल कांटेस्ट में **समूह विवाह गीत गायन** में गुरप्रीत तथा रमनप्रीत कौर (एम.ए. वाद्य संगीत, समस्तर-II), सरबजीत कौर, शिवानी तथा साधना (बी.ए. समस्तर-III), नैंसी (बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंटस समस्तर-V), आरजू बी. कॉम समस्तर-I ने अपनी प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- लोक गीत (एकल गायन) श्रेणी में आरजू (बी. कॉम सेम I) तथा साधना (बी.ए. समस्तर-III) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। के.एम.वी. की छात्राओं ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीतकर विद्यालय की कीर्ति को बढ़ाया।
- 10 अक्तूबर, 2019 को **मानसिक स्वास्थ्य दिवस** (Mental Health Day) मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित की गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंडरग्रैजुएट और पोस्टर ग्रेजुएट कक्षा की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। एक साइकोलॉजिकल मूवी 'ए ब्यूटीफुल माइंड' भी छात्राओं को दिखाई गई जिससे वे मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व और मनोविज्ञान की अवधारणाओं को सम्यक रूप से ग्रहण कर सकें।
- 15 अक्तूबर, 2019 को मनोविज्ञान विषय की बी.ए. तथा एम.ए. कक्षा की छात्राओं ने Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIIO) सेक्टर 32, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बौद्धिक अक्षमताओं को दूर करने व इससे प्रभावित बच्चों को प्रशिक्षित करने के विषय में जानकारी प्राप्त की।
- 3 सितम्बर, 2019 को स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा बी.ए. समस्तर-I, III, V की छात्राओं के लिए **कहानी एवं निबंध लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 5 सितम्बर, 2019 को **शिक्षक दिवस** के उपलक्ष्य में हिन्दी विषय की छात्राओं ने प्राचार्या जी एवं सभी आदरणीय प्राध्यापकों का तिलक अभिनंदन कर उनके प्रति अपने सम्मान एवं अनुग्रह भाव अभिव्यक्त किया।
- 14 सितम्बर, 2019 को **हिंदी दिवस** के अवसर पर छात्राओं के द्वारा तैयार किये गए पोस्टर और स्लोगन चार्ट देवराज हाल मेंप्रदर्शित किए गए। प्राचार्या जी ने छात्राओं के इस कार्य का स्वयं मूल्यांकन किया और छात्राओं को अपनी उपस्थिति और प्रतिक्रिया से प्रोत्साहित किया।
- 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विषय की बी.ए.तथा एम.ए. कक्षाओं की छात्राओं ने संयुक्त प्रयास एवं परस्पर सहयोग भावना से विभाग की **भित्ति पत्रिका** को साहित्यिक सामग्री से सुसज्जित किया।

- 3 फरवरी, 2020 को हिन्दी विभाग के द्वारा **नई कलम, नए रंग ( युवा लेखक मंच )** कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 25 छात्राओं ने अपनी रचनाए प्रस्तुत कीं।
- 23 अक्तूबर, 2019 को अंग्रेज़ी विषय की छात्राओं ने विभाग की **भित्ति पत्रिका** को रचनात्मक सामग्री में सज्जित किया।
- 24 सितम्बर, 2019 को शेक्सपियर द्वारा रचित नाटक **मर्चेंट ऑफ वीनिस के पंजाबी अनुवाद का मंचन** पंजाबी और अंग्रेज़ी विषय के प्राध्यापकों और छात्राओं के संयुक्त प्रयास से किया गया।
- अगस्त 9, 2019 को अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एम.ए. अंग्रेज़ी, समस्तर-III की छात्राओं को **गाईड** मूवी दिखाई गई।
- गांधी जी की 150वीं जयंती पर इतिहास विभाग और गांधीयन स्टडीज़ सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय में 'द महात्मा' थीम पर एक **इंटर स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता** करवाई गई। इतिहास विभाग की छात्राओं ने **'द सोल ऑफ महात्मा'** नाटक प्रस्तुत किया। जालंधर के स्काईलार्क चौक से म्युनिसिपल कार्पोरेशन तक **शांति मार्च** निकाला गया। इस अन्तः अनुशासनात्मक गतिविधि का उद्देश्य गांधी जी के अहिंसा, सद्भाव और शांति सम्बंधी जीवन-दर्शन से युवाओं को परिचित करवाना था।
- 25 फरवरी, 2020 को 'टैगोर डे' के अवसर पर **'ट्रिब्यूट टू टैगोर'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- संस्कृत विभाग के द्वारा **लैंग्विज, लिट्रेचर एंड कल्चर** विषय के आयोजित की गई वेबिनार श्रृंख्ला के अन्तर्गत दिनांक 3 मई, 2020 को Prominent Aspects of Indian Culture in Sanskrit Granths विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें प्रो. लेखराम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संस्कृत विभाग गु.ना.दे.वि.वि. अमृतसर ने व्याख्यान दिया। सम्पूर्ण भारत से 100 से अधिक प्रतिभागी इस वेबिनार में सम्मिलित हुए।
- इसी श्रृंख्ला में दिनांक 9 मई, 2020 को Natural Language Processing: challenges in Indian Languages विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17 मई, 2020 को Introduction to Computational Linguistics विषय पर आयोजित किए गए वेबिनार में पूरे भारत से 335 प्रतिभागी सहभागी हुए।
- 28 मई को संस्कृत विभाग के द्वारा उपर्युक्त श्रृंख्ला के अंतर्गत ही Technology for online Learning for Indian Languages: Fundamental concepts and method विषय पर वार्ता करवाई गई जिसमें 529 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## पी.पी. प्रिजैंटेशन प्रतियोगिता (P.P. Presentation Competition) :

- 12 अगस्त, 2019 को डॉ. विक्रम अम्बालाल साराभाई के जन्मदिन के अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से **'ए ट्रिब्यूट टू विक्रम साराभाई'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लेते हुए उनकी जीवनी और चंद्रयान-11 के नवीनतम अन्वेषण की जानकारी पर आधारित पावर प्वाइंट प्रिज़ेंटेशन दी।
- 5 नवम्बर, 2019 को रिसेंट एडवांसिज़ इन बायोटेक्नॉलोजी विषय पर बायोटेक विषय पर 20 छात्राओं ने पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन दी।
- 1 फरवरी, 2020 को बी.ए. सेमेस्टर II की इतिहास विषय छात्रा सुश्री नवरोज़ ने पूरी कक्षा के सामने महात्मा गांधी और मोहम्मद गौरी पर पावर-प्रिजेंटेशन दी और छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

## अर्न्तमहाविद्यालयी प्रदर्शनी/प्रतियोगिता (Inter Collge Exhibition/Competition) :

- डॉ. नीरज शर्मा, एसो. प्रो. संस्कृत विभाग ने दिनांक 20-23 अगस्त 2019 को साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से के. एम. वी. परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- 14 सितम्बर, 2019 को **IT Gammat-2019** इंटरा कॉलेज प्रतियोगिता करवाई गई। कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में 158 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 53 विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

- 22 जनवरी, 2020 को साईंस फैकल्टी की ओर से '**वर्ल्ड विज़न 2050 थ्रू साईंस**' विषय पर एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 25 स्कूलों तथा कॉलेजों के लगभग 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 29 फरवरी, 2020 को कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा **KITE 2020 ( इंटर कॉलेज फेस्ट )** का आयोजन किया गया, जिसमें 18 विद्यालयों से आए 250 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- संस्कृत विभाग द्वारा क्षितिज के पार शीर्षक के अन्तगत ऑनलाईन राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल, कालेज तथा यूनिवर्सिटी लेवल पर आयोजित की गईं। ये प्रतियोगिताएं हैं- संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता, संस्कृत पावर प्वाइंट प्रिज़ेंटेशन, संस्कृत पोस्टर मेकिंग, योग आसन और उनका महत्व, संस्कृत विभाग की छात्रा सुश्री पवनप्रीत कौर ने 15 फरवरी, 2020 को वेद प्रचार मंडल लुधियाना द्वारा एस. डी. कॉलेज, जालंधर में आयोजित की गई प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुश्री पवनप्रीत ने युवा कल्याण परिषद आर्य युवाति परिषद द्वारा डी.एन कॉलेज, कुरुक्षेत्र द्वारा 5 मार्च, 2020 को आयोजित की राष्ट्र स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## शैक्षिक पर्यटन (Educational Trip) :

- 3 मार्च, 2020 को गणित विभाग की 20 छात्राएं कपूरथला स्थित **साइंस सिटी** के दौरे पर गईं।
- 3 मार्च, 2019 को इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के लिए सन्न साहिब गुरुद्वारा, सराय अमानत, पुल मोरां और बाघा बार्डर के शैक्षिक ट्रिप का आयोजन किया गया।
- फैशन डिज़ाईन विभाग की 48 छात्राओं ने 22 जुलाई, 2019 को पंजाब कला भवन, चंडीगढ़ में लगाई गई '**गुड्डियां-पटोले**' प्रदर्शनी का दौरा किया और पंजाब की गुड्डियां बनाने की परम्परा और शैली का ज्ञान प्राप्त किया।
- 24 फरवरी, 2020 को पटियाला में आयोजित हुए **हैरीटेज क्रॉफ्ट फेस्टीवल** में फैशन डिज़ाईन विभाग की 55 छात्राओं ने भाग लिया और देश-विदेश की विविध हस्तकलाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की।
- 31 जनवरी, 2020 को बॉटनी विभाग द्वारा 47 छात्राओं ने **हरिके पत्तन वेटलैंड एंड बर्ड सेंचुरी** का दौरा किया।
- 29 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक बॉटनी विभाग की 28 छात्राओं को **CRI कसौली** शैक्षिक पर्यटन के लिए ले जाया गया।
- 30 अक्तूबर, 2019 को जूओलॉजी विभाग द्वारा छात्राओं को जैविक विभिन्नता से अवगत करवाने के लिए उन्हें **Jim Corbett National Park, देहरादून** स्थित Zoo तथा **Forest Research Institute** के दौरे पर ले जाया गया। इस गतिविधि में लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया।
- 31 जनवरी, 2020 को जूओलॉजी विभाग की 47 छात्राओं ने हरिके पत्तन वेटलैंड एवं बर्ड सेंचुरी का दौरा किया और प्रकृति में उपलब्ध जैविक विभिन्नता को जानने का सुअवसर प्राप्त किया।
- 25 फरवरी, 2020 को जूओलॉजी विभाग ने अपनी छात्राओं को मेडिकल लेबोरेटरी की जानकारी देने के लिए **पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसिज़** के दौरे का आयोजन किया जिसमें 40 छात्राएं सम्मिलित हुईं।
- 11 अक्तूबर, 2019 को बॉटनी विभाग की 26 छात्राएं **पुखराज आर्गेनिक्स** की विज़िट पर गईं।
- 3 अगस्त, 2019 को हिंदी विभाग द्वारा हिंदी विषय की 50 छात्राओं के लिए **दैनिक भास्कर के जालंधर स्थित मुख्य कार्यालय** में एक दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें दैनिक भास्कर के स्टेट हैड श्री बलदेव बंशी तथा उनकी टीम ने विद्यार्थियों को हिंदी पत्रकारिता की सम्पादन और प्रकाशन प्रक्रिया की जानकारी दी।
- 7 अगस्त, 2019 को करतारपुर स्थित **जंग-ए-आज़ादी मैमोरियल** के भ्रमण के लिए ले जाया गया।
- 26 नवम्बर, 2019 को इतिहास विषय की छात्राओं ने **विरासत ए खालसा आनंदपुर साहिब** का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिख इतिहास के 500 सालों के विस्तृत इतिहास को जाना व समझा।

- 26 नवम्बर, 2019 को इतिहास विषय के विद्यार्थियों ने **आनंदपुर साहिब तथा केशगढ़ साहिब** का दौरा किया और इन स्थानों के ऐतिहासिक महत्त्व का ज्ञान प्राप्त किया।
- संस्कृत विभाग द्वारा विश्वेश्वरानंद विश्वबंधु संस्कृत भारत-भारती अनुशीलन संस्थान, होशियारपुर, पंजाब, वि.वि. चण्डीगढ़ के साथ एम. ओ.यू साईन किया। एम.ओ.यू के अन्तर्गत संस्कृत की छात्राओं ने 10 फरवरी, 2020 को इस संस्थान का दौरा किया।
- संस्कृत विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं ने 19 अक्तूबर 2019 को गुरु नानक देव वि.वि. अमृतसर के संस्कृत विभाग का दौरा किया। इस अवसर पर डॉ. दलबीर सिंह, अध्यक्ष गु.ना.दे.वि.वि. अमृतसर ने छात्राओं के साथ **संस्कृत साहित्य एवं गुरु नानक देव जी का दर्शन** विषय पर वार्ता की।
- 19 अक्तूबर, 2019 को बायोटैक्नॉलिजी विभाग की छात्राओं ने दौरा किया जिसमें उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए किए गए महत्त्वपूर्ण आविष्कारों और उनके अन्वेषकों के विषय में जानकारी प्राप्त की।
- 25 फरवरी, 2020 को बायोटेक्नॉलिजी विभाग की 35 छात्राओं ने **शिवाम्बु इंटरनेशनल** गगरेट हिमाचल प्रदेश का दौरा किया और औद्योगिक स्तर पर विभिन्न खाद्य पदार्थों के उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।
- 30 अक्तूबर, 2019 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा **जंग-ए-आज़ादी मेमोरियल**, करतारपुर के लिए आयोजित किए गए शैक्षिक पर्यटन में 50 छात्राएं सहभागी हुईं और उन्होंने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इस स्थल का दौरा किया।
- 10 फरवरी, 2020 को विज्ञान विषय की 50 छात्राओं ने 2 प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में **पुष्पा गुजराल साईंस सिटी**, कपूरथला का दौरा किया।
- 28 फरवरी, 2020 को नेशनल साइंस डे के अवसर पर **सेंट्रल साईंटिफिक इंस्ट्रुमैंट आर्गेनाइज़ेशन ( CSIO )** चण्डीगढ़ का दौरा किया।
- कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा 9 सितम्बर, 2019 को Sebiz Square मोहाली इंडस्ट्रियल विज़िट के लिए ले जाया गया जिसमें 52 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 14-09-2019 को विद्यालय के पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ कॉस्मोटॉलिजी की छात्राएं ओरेन इंटरनेशनल स्कूल ऑफ ब्यूटी एंड वेल्नैस, जालंधर का दौरा किया और सौंदर्य एवं स्वास्थ्य की देखभाल के लिए नवीन तकनीक एवं उपकरणों के उपयोग के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन में 16 छात्राओं ने सहभागिता की।

### छात्राओं के लिए कार्यशाला/Workshop आयोजन

- विद्यार्थियों में साईंस को लोकप्रिय बनाने तथा उनमें विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी देने के लिए 8 मई, 2019 को भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से '**फन विद साईंस**' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जालंधर के दो स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 28 अगस्त, 2019 को विज्ञान संकाय की सभी छात्राओं के लिए '**अनुभूति**' प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उनके द्वारा डी.बी.टी. स्टार कॉलेज स्कीम के अन्तर्गत तैयार की गई परियोजनाओं, इनसे संबंधित विचारों और प्रयोगों को मंच पर प्रस्तुत किया गया।
- 1 नवम्बर, 2019 को गणित विभाग की ओर से **मैथेमैटीकल एंड स्टेटिकल टूल्ज़ एंड सॉफ्टवेयर विषय** पर करवाई गई कार्यशाला में डॉ. राजीव कुमार (प्रो. एंड एच ओ डी मैथेमैटिक्स, एम.डी. यूनी. रोहतक) बतौर विषय-विशेषज्ञ उपस्थित हुए इस कार्यशाला में 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा 7 अगस्त, 2019 को "**Effective Resume Writing and Interview Skills**" विषय पर करवाई गई कार्यशाला में 168 छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 23 दिसम्बर, 2019 को **डिज़िटल मार्कीटिंग** विषय पर कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा आयोजित की गई कार्यशाला में 38 छात्राओं ने भाग लिया।

- 23-24 दिसम्बर, 2019 को **डिजिटल अवेयरनैस** पर कम्प्यूटर साईंस विभग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विद्यालय से बाहर के सामाजिकों के लिए किया गया।
- 20 मार्च, 2020 को सुविख्यात गूगल कम्पनी के सहयोग से CROWD SOURCE विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में 700 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।
- 24 फरवरी, 2020 को कम्प्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा **लेटेस्ट ट्रेंड्स एंड टेक्नोलॉजीस इन डिमांड** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 85 छात्राओं ने भाग लिया।
- मार्च 15-20, 2020 तक कॉलेज की छात्राओं के अलावा बाहर के सामाजिकों के लिए एडवांस कम्प्यूटर फ्री ऑनलाईन कक्षाएं लगाई गईं।
- दिनांक 11 फरवरी, 2020 को जीव विज्ञान विभाग (Deptt. of Zoology) द्वारा विद्यार्थियों को माइक्रोबॉयोलॉजिकल एंड मॉलीकुलर टेक्नीकस की विशेषता से अवगत करवाने के लिए और इनके प्रयोग में उन्हें कुशल बनाने के लिए **माइक्रोबॉयोलॉजिक एंड मॉलीकुलर टेक्नीक्स** विषय पर वर्कशाप लगाई गई जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 2 नवम्बर, 2019 को बॉटनी विभाग द्वारा **Karyotypic Analysis of Laboratory Organism** विषय पर वर्कशाप लगाई गई जिसमें बी.एस.सी. मेडिकल तथा एम.एस. सी. बॉटनी की 35 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 24 अक्तूबर, 2019 को बॉटनी विभाग द्वारा **Diversity and Applications of Photoautotrophic Algae and Cycanobacteria** विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में बी.एस. सी. मेडिकल तथा एम. एस. सी. बॉटनी की 45 छात्राओं ने भाग लिया।
- 8 फरवरी, 2020 को बॉटनी विभाग द्वारा **'वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट'** विषय पर कार्यशाला लगाई गई जिसमें 43 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 11 अक्तूबर, 2019 को कॉस्मोटॉलिजी विभाग द्वारा **'प्रोफैशनल मेकअप विद लेटेस्ट टेक्नीकस'** विषय पर कार्यशाला लगाई गई जिसमें अमित मेकओवर से पधारे मेकअप विशेषज्ञों ने 80 छात्राओं को विषय की जानकारी दी।
- 4 नवम्बर, 2019 को कॉस्मोटॉलोजी विभाग द्वारा **केरेटन हेयर ट्रीटमेंट** पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एम.बी. यूनीसैक्स सैलून, दसूहा के विशेषज्ञों ने छात्राओं को विषय की जानकारी दी।
- 27 जनवरी, 2020 को कॉस्मोटॉलोजी विभाग द्वारा **ब्राइडल मेकअप** पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एम बी यूनीसैक्स सैलून दसूहा से आए विशेषज्ञों ने 75 छात्राओं को संबंधित विषय की जानकारी प्रदान की।
- 12 मार्च, 2020 को हिंदी विभाग के द्वारा यूनिर्वसल हिन्दी फांट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें यूजी तथा पीजी कक्षाओं की 50 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 30-08-2019 को पंजाब विभाग द्वारा पंजाबी साहित्य पर आयोजित **त्रिदिवसीय कार्यशाला** में 16 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. कुलवंत सिंह पूर्व अध्यक्ष, पंजाबी विभाग, खालसा कॉलेज, जालंधर तथा डॉ. रजनीश बहादुर पूर्व अध्यक्ष, पंजाबी विभाग, डी.ए.वी. कॉलेज, जालंधर इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में पधारे।
- 11 फरवरी, 2020 को बायोटेक्नॉलिजी विभाग द्वारा **मॉलिक्यूलर एंड माइक्रोबायोलॉजी टेक्नीकस** विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में 35 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 29-30 अगस्त, 2019 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला I.O. टेस्टिंग पर लगाई गई। इस कार्यशाला में सुप्रसिद्ध मनोविज्ञानवेत्ता डॉ. द्वारका प्रसाद विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यशाला के दौरान प्रैक्टिस सैशन में छात्राओं को बौद्धिक क्षमता के आकलन हेतु विभिन्न इंटैलिजैंस टेस्ट करने की विधि और प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी।

## बी. वॉक / एम. वॉक (B.Voc. / M. Voc.) :

### बी. वॉक फोटोग्राफी एंड जर्नलिज़्म (B.Voc. Photography & Journalism) :

- 20 जुलाई, 2019 को 23 छात्राओं को **सुपर 30 फिल्म पी.वी.आर. ( PVR )** में देखने के लिए ले जाया गया।
- 13 नवम्बर, 2019 को 44 छात्राओं ने दैनिक समाचार पत्र **'दैनिक सवेरा'** के कार्यालय का दौरा किया।
- 24 अक्तूबर, 2019 का दिन 45 छात्राओं ने **'उड़ान स्कूल'** (ए स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन) के दिव्यांग बच्चों के साथ बिताया।
- 29 जनवरी, 2020 को Credibility of Print Media in Present Era विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें श्री चन्द्र मोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मण्डल) विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। इस परिचर्चा में 60 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 31 अक्तूबर, 2019 को मेकिंग ऑफ डाक्युमैंट्री विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में 110 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 30 नवम्बर, 2019 को मेकिंग ऑफ आई आई सी डाक्यूमैंट्री विषय पर हुई कार्यशाला में 20 छात्राओं ने भाग लिया।

### बी. वॉक न्यूट्रिशन, एक्सरसाईज़ एंड हेल्थ (B.Voc. Nutrition, Exercise & Health) :

- 19 अगस्त, 2019 को बी. वॉक समस्तर IV के विद्यार्थियों ने **चना कुलचा कैफ़ेटेरिया** का आयोजन किया।
- 23 अगस्त, 2019 को बी वॉक समस्तर IV के विद्यार्थियों ने **इडली साम्भर कैफ़ेटेरिया** का आयोजन किया।
- 1 सितम्बर, 2019 को पी.जी.आई, चण्डीगढ़ में **Continuing Nutrition Education ( CNE ) संगोष्ठी** में 39 छात्राओं ने भाग लिया।
- 1 नवम्बर, 2019 को **डाईट नमकीन और नारियल के लड्डू का फूड स्टॉल** विद्यालय परिसर में लगाया गया।
- 8 नवम्बर, 2019 को भरवां कुलचा (Stuffed Kulcha) का **फूड स्टॉल** कॉलेज में लगाया गया।
- 13 नवम्बर, 2019 को **प्रादेशिक भोजन की थाली** (गुजराती, हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी, हिमाचली) प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें बी. वॉक IV समस्तर की छात्राओं ने भाग लिया।
- 15 नवम्बर, 2019 को छात्राओं द्वारा बनाए गए **गुलाब और बादाम के लड्डू तथा नारियल की बर्फी** का फूड स्टॉल लगाया गया।
- 1 फरवरी, 2020 को 29 छात्राओं ने Indian Dietetic Association Punjab Chapter के सहयोग से श्री गुरु रामदास यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थसाईंस, अमृतसर द्वारा आयोजित एक दिवसीय सी.एन.ई. (CNE) में सहभागिता की।
- 6 फरवरी, 2020 को चतुर्थ समस्तर की छात्राओं ने डाईट क्लीनिक स्थापित किया।
- 14 फरवरी, 2020 को चतुर्थ समस्तर की छात्राओं ने मैंगो, स्ट्राबेरी, वनीला, मिल्क चॉकलेट से बनाए गए मफिन्स का फूड स्टॉल लगाया।
- 14 फरवरी, 2020 को वेलेंटाइन डे के अवसर पर छात्राओं के द्वारा चॉकलेट केक, कॉफी, क्रिस्पी वैजीस बनाए गए।
- 3 मार्च, 2020 को आयोजित की गई प्लेसमेंट ड्राइव में न्यू रूबी अस्पताल जालंधर, श्री राम अस्पताल जालंधर तथा पिम्स अस्पताल जालंधर की चीफ़ डाइटिशियन ने बी. वॉक एनईएच छात्राओं का साक्षात्कार लिया।

### बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंट (B.Voc. Retail Management) :

- बी. वॉक चतुर्थ समस्तर (IV) की छात्रा कु. बबीता ने 1 जून से 15 जुलाई तक बिग बाज़ार में प्रशिक्षार्थी के रूप में कार्य किया। बिग बाज़ार बिग डेज़ सेल में उनकी अनथक सहयोग भावना और कार्यकौशल के दृष्टिगत उन्हें बिग बाज़ार के अधिकारियों द्वारा सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी (Best Trainee) घोषित किया गया।

- 16 अक्तूबर, 2019 को आयोजित 'कामर्स मेला' में रिटेल मैनेजमैंट की छात्राओं ने '**के एम वी बडिंग एंटरप्रिन्योर्स**' नाम से स्टॉल लगाया और इस स्टॉल पर हुई बिक्री से एकत्र धनराशि को सुकृति रिटेल लैब जमा किया गया।
- 24-25 अक्तूबर को दीवाली बोनांजा का आयोजन किया गया जिसमें बी. वॉक रिटेल मैनजमैंट की छात्राओं ने **के.एम. वी. बडिंग एंटरप्रिन्योर्स** नाम से स्टॉल लगाया।
- ए. पी. जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट इंजीनियरिंग टेक्नीकल कैम्पस, रामामंडी, जालंधर में 06 सितम्बर, 2019 को बूट कैम्प (Boot Camp) लगाया गया जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने अपनी स्टार्ट-अप योजनाएं प्रदर्शित कीं। हमारी छात्राओं ने भी इस गतिविधि में भाग लिया और स्टार्ट अप के लिए अपनी बिज़नेस योजनाओं को प्रस्तुत किया।
- 30 अक्तूबर, 2019 को डी.ए.वी. कॉलेज, जालंधर में हुए **ज़ोनल यूथ फेस्टीवल** में बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंट की दो छात्राओं ने ग्रुप भजन, रंगोली में भाग लिया और इन मुकाबलों में जीत प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- 17 नवम्बर, 2019 को लायलपुर खालसा कॉलेज, जालंधर में आयोजित हुए इंटर कॉलेज यूथ फेस्टीवल में एक छात्रा ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विद्यालय के लिए जीत प्राप्त की।
- 7 नवम्बर, 2019 को दोआबा कॉलेज में हुए दोआबा यूथ फेस्टीवल में रिटेल मैनेजमैंट की छात्रा ने रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में पोज़ीशन हासिल की।
- एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टेक्नीकल कैम्पस, रामा मंडी, जालंधर में 28 फरवरी, 2020 को हुए 'एपीजे स्पार्क' कार्यक्रम में रिटेल मैनेजमैंट की छात्रा ने रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की।
- 13 फरवरी, 2020 को रायपुर गर्वनमैंट, स्कूल के द्वारा 36वां ऑल इंडिया फोल्क आर्ट कंसर्ट करवाया गया जिसमें के.एम.वी. की छात्राओं ने समूह गीत प्रस्तुत किया और समूह गायन प्रतियोगिता में जीत हासिल की।
- 23 अक्तूबर, 2019 को सोशल आऊटरीच गतिविधि के अन्तर्गत Saath Child Development Centre में दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा तैयार सामान से स्टॉल लगाया गया और इस सामान की बिक्री से धनराशि भी एकत्र की गई।
- COVID-19 के प्रकोप के दौरान बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंट की छात्राओं ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए मॉस्क बनाए और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के व्यक्तियों में इन्हे निशुल्क वितरित किया गया।
- 22 अगस्त, 2019 की 35 छात्राओं को रिटेल सेक्टर में उपलब्ध विभिन्न अवसरों से अवगत करवाने तथा रिटेल मार्किटिंग की अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझाने के लिए शापर्स स्टॉप, जालंधर के दौरे पर ले जाया गया।
- 22 अक्तूबर, 2019 को 40 छात्राएं Elante Mall चंडीगढ़ के पर्यटन पर गई और उन्होंने अपने इस अनुभव से रिटेल मार्किटिंग की विज़ुअल मर्चेंडाइज़िंग, पीओएस, सप्लाई चेन इत्यादि कांसेप्टस को व्यावहारिक रूप से समझा।
- 9 अक्तूबर, 2019 को रिटेल मैनेजमैंट विषय की छात्राओं ने The Dynamic World of Retailing विषय से भित्ति पत्रिका तैयार की जिसमें रिटेल क्षेत्र से संबंधित सर्वोत्तम सामग्री का प्रदर्शन किया।
- 20 अगस्त, 2019 को रिटेल मैनेजमैंट की छात्राओं के लिए चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया और पुरस्कार जीते।
- 27 अगस्त, 2019 को हुए टेलेंट हंट प्रोग्राम में बी. वॉक रिटेल मैनेजमैंट की कुल 23 छात्राओं ने - कोरियोग्राफी, मॉडलिंग, ग्रुप डांस, रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए।
- 2 सितम्बर, 2019 को आयोजित हुए Fem Fest में 24 छात्राओं ने कोरियोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, कविता उच्चारण, रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की और पुरस्कार भी जीते।
- 15 अक्तूबर, 2019 को इंस्टीच्यूशंस इन्नोवेशन कौंसिल द्वारा कन्या महाविद्यालय में मनाए गए 'इन्नोवेशन डे' में रिटेल मैनेजमैंट के 4 विद्यार्थियों ने अपने इन्नोवेटिव बिज़नेस से संबंधित अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

- 19-20 दिसम्बर, 2019 को के.एम.वी. बडिंग एंटरप्रिन्योर्स द्वारा गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम, जालंधर में स्टॉल लगाया गया जिसमें रिटेल मैनेजमैंट के प्राध्यापकों ने रिटेल प्रबंधन में उपलब्ध व्यावसायिक सम्भावनाओं से परिचित करवाने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया।
- 18 फरवरी, 2020 को के.एम.वी. वार्षिक मेले (Annual Fete) में 'द फैंटेसी वर्ल्ड ऑफ रिटेल' थीम का प्रदर्शन किया और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।
- 6-8 मार्च, 2020 तक के.एम.वी. बडिंग एंटरप्रिन्योर्स द्वारा कॉलेज परिसर में एक स्टॉल लगाया गया जिसमें डिज़ाईनर सूट्स और कुर्तियां बिक्री के लिए प्रदर्शित किए गए और बिक्री से प्राप्त लाभांश को रिटेल लैब में जमा किया गया।
- 7 फरवरी, 2020 में "बिज़नेस कैनवॉस मॉडल" शीर्षक से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्रोत वक्ता डॉ. आशीष अरोड़ा ने इस कार्यशाला में 50 छात्राओं को सम्बोधित किया।
- 22 अक्तूबर, 2019 को ItroniSolutions, Mohali में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में 35 छात्राओं ने भाग लिया और **बेसिक कांसेप्टस एंड इम्पोर्टैंस ऑफ डिजिटल मार्किटिंग इन टूडेज़ वर्ल्ड** विषय पर जानकारी प्राप्त की।
- 12-13 मार्च, 2020 को **'एंटरप्रिन्योरियल लीडरशिप, इन्नोवेशन एंड क्रिएटिव थिंकिंग'** विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मेजर कर्नल (प्रो.) जी. जी. द्विवेदी ने 50 छात्राओं को सम्बोधित किया।
- विद्यार्थियों ने COVID-19 के विषय में जनसामान्य को जागरूक करने के लिए पोस्टर बनाए और जनता तक 'स्टे एट होम' का संदेश पहुँचाने में अपना योगदान दिया।

## प्लेसमैंट डाटा

3 मार्च, 2020 को डी.डी.यू. कौशल केन्द्र द्वारा बी. वॉक तथा एम. वॉक के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें बी. वॉक तथा एम. वॉक रिटेल मैनेजमैंट की 8 छात्राओं को निम्नलिखित कम्पनियों द्वारा चुना गया :-

| क्र. संख्या | कक्षा | छात्रा का नाम | कंपनी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | एम.वॉक सेम.-II | बीरकमल | पूजा टेक्सटाईलज़ |
| 2. | एम.वॉक सेम.-II | शरणजीत | रिलाईंस ट्रेडज़ लिमटिड |
| 3. | एम.वॉक सेम.-II | सुखलीन | पूजा टेक्सटाईल्ज़ |
| 4. | एम.वॉक सेम.-IV | रीतिका छाबड़ा | डिज़ीटल अड्डा |
| 5. | एम.वॉक सेम.-IV | भारती अरोड़ा | डिज़ीटल अड्डा |
| 6. | एम.वॉक सेम.-VI | कोमल | डिज़ीटल अड्डा |
| 7. | (PG Diploma) एम.वॉक सेम.-I | मनप्रीत कौर सहोता | एच एंड एम |
| 8. | एम.वॉक सेम.-II | बीरकिरण | कैप्संस |

**बी वॉक / एम वॉक टेक्सटाइल डिज़ाइन एंड एपेयरल टेक्नॉलोजी :**

- 17-18 अगस्त, 2019 को **हैंडलूम वीविंग** पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 35 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
- 27 अगस्त, 2019 को **टेलेण्ट स्पॉटलाईट** कार्यक्रम में एम वॉक तथा बी. वॉक के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 7 नवम्बर, 2019 को 45 छात्राओं ने **शर्मन स्पिनिंग मिल** का दौरा किया जहाँ उन्होंने विभिन्न प्रकार के ऊनों से शालों के उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।
- 15-16 अक्तूबर, 2019 को आयोजित की गई **सिटी लेवल प्रदर्शनी** में 43 छात्राओं ने स्वयं तैयार किए फाइल फोल्डर्स, फोटोफ्रेमस, ज्वैलरी, सूटस, कुर्तियां, बैडशीट्स, कुशन कवर्स, रोटी रैपस, टॉवल सैटस बॉस्केट इत्यादि का प्रदर्शन किया।
- 18 अक्तूबर, 2019 को आयोजित हुई **इंडस्ट्री- ऐकेडीमिया मीट**-2019 में 105 छात्राओं ने भाग लिया और इंडस्ट्री से पधारे विशेषज्ञों द्वारा स्किल डिवेल्पमेंट कोर्सेज के महत्त्व के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।
- 03 मार्च 2020 को आयोजित हुई प्लेसमैंट ड्राइव में 23 छात्राओं ने सहभागिता की।

**मैनेजमैंट एंड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिसिज़ (Management & Secretarial Practices) :**

- 21-08-2019 को **पोस्टर मेकिंग** प्रतियोगिता करवाई गई।
- 18-09-2019 को **वाद-विवाद प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया।
- 18-10-2019 को **डिजिटल मार्किटिंग** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 12-13 मार्च, 2020 को **एंटरप्रिन्योरियल लीडरशिप** विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- 03 मार्च, 2020 को **प्लेसमैंट ड्राइव।**
- 28-01-2020 से 12-03-2020 तक द्वितीय समस्तर की छात्राओं के लिए **ऑन कैम्पस ट्रेनिंग** आयोजित की गई।
- 10-02-2020 से 10-03-2020 तक पंजाब नैशनल बैंक की के.एम.वी.ब्रांच में चतुर्थ समस्तर की छात्राओं ने ट्रेनिंग प्राप्त की।

**फैकल्टी ऑफ वोकेशनल स्टडीज़ - एनीमेशन (Faculty of Vocatoinal Studies -Animation) :**

- 10 सितम्बर, 2019 को डिजिटल पेंटिंग गतिविधि करवाई गई जिसमें छात्राओं ने कोर्स के दौरान डिजिटल पेंटिंग की सीखी हुई टेक्नीकस का उपयोग करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया।
- 18 अक्तूबर, 2019 को ऑडियो एडिटिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में वॉयस ओवस, रिकार्ड की गई आवाज़ की पृष्ठभूमि में म्यूज़िक देना तथा रिकार्ड की गई ऑडियो से शोर को एडिट करना जैसे विषयों की जानकारी छात्राओं को दी गई।
- 18 अक्तूबर, 2019 को इंडस्ट्री-ऐकेडीमिया मीट का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर स्किल काऊंसिल और इंडस्ट्री से पधारे प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।
- 24 अक्तूबर, 2019 प्रीतम फिल्म प्रॉडक्शन प्रा. लि. का दौरा किया और एनीमेशन फिल्म निर्माण की प्रक्रिया और पड़ावों की जानकारी प्राप्त की।
- 7-9 नवम्बर, 2019 तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला 'Acting for Animators' में छात्राओं ने फेशियल एक्प्रेशन्स, पोस्चर, चलने का ढंग और शैलियां, मूवमैंटस एंड लिप सिंक जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की।
- 18 दिसम्बर, 2019 को MESC. (Media and Entertainment Skill Council) के साथ हुई मीटिंग में MOU पर साईन करने हेतु मीटिंग की गई जिस दौरान पाठ्यक्रम के नवीकरण तथा सेक्टर स्किल एसेसमैंट पर भी वार्ता हुई।
- 15 जनवरी, 2020 को MESC, New Delhi द्वारा ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री सतीश नारायण, वर्ल्ड स्किल्ज़ एक्सपर्ट, एम.इ.एस.सी. ने छात्राओं को MESC के विभिन्न प्रयासों-वर्ल्ड स्किल्ज़, विद्यादान इत्यादि के विषय में बताया।

- 27 जनवरी, से MESC द्वारा आयोजित वेबीनार में श्री सुभाष घई, चेयरमैन MESC ने शिक्षा की महत्ता और एमईएससी द्वारा आरम्भ किए गए विद्यादान प्रयास के महत्त्व से अवगत करवाया।
- 15 फरवरी, 2020 को MESC, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किए गए वेबीनार में सुश्री मेघना घई पुरी, (President Whistling Woods International) ने मीडिया तथा इंडस्ट्री में महिलाओं के बढ़ते योगदान पर प्रकाश डाला।
- 8 अप्रैल, 2020 को MESC द्वारा आयोजित Application of AR/VR in Education and Industry विषय पर वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें श्री अरविंद नीलकंठ (Head of Technology and Evangelism) ने छात्राओं को सम्बोधित किया।

## विद्यार्थी कल्याण विभाग (Student Welfare Deptt. ) द्वारा आयोजित गतिविधियां :-

2008 में संस्था में प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्वारा स्थापित 'विद्यार्थी कल्याण परिषद्' समय के साथ-साथ अपने क्षेत्र को विस्तृत बनाता जा रहा है। यू.एस.ए. की बॉस्टन यूनिवर्सिटी के डीन (स्टूडेंट वेल्फेयर) प्रो. जॉन बैटेलीनो काफी वर्षों तक इस संस्था में आते रहे और इस परिषद् को और अधिक अच्छे से कार्य करने के लिए अनेक मूल्यवान सुझाव देते रहे। इस परिषद् के अन्तर्गत चल रहे एंटीरैगिंग सेल, काऊंसिलिंग सेल, ग्रीवेंस रेडरैसल सेल, सेल अगेंस्ट सेक्सुअल ह्रासमैंट तथा लॉस्ट एण्ड फाउंड सेल छात्राओं की सहायता के लिए निरन्तर काम कर रहे हैं। परिषद् के अन्तर्गत अनेक क्लब भी हैं जैसे- रेड रिबन क्लब, रीडर्ज़ क्लब, बुक बैंक, इसके तहत अनेक कार्य किए जाते हैं। इस विभाग में विभिन्न समितियों - विद्यार्थी परिषद्, कैन्टीन और मैस समिति, मेंटरिंग समिति, पी.टी.एम. समिति स्कॉलरशिप, कन्सेशन और फायनैंशियल ऐड समिति, इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड ब्यूटीफिकेशन समिति, इन्फार्मेशन एण्ड डिस्पले बोर्ड्ज़ समिति, रेज़िडेंट लाइफ समिति, स्टूडेंट अटैंडैंस समिति और ट्रांसपोर्ट समिति। इस विभाग के अन्तर्गत नवागत छात्राओं हेतु हेल्प डेस्क, अचीवर्ज़ डे, अवेयरनैस रैली, अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दिवस, वसन्त, लोहड़ी, होली, दीवाली जैसे त्योहार, रक्तदान शिविर, नेत्र चैकअप कैम्प, डेन्टल चैकअप कैम्प, हैल्थ कैम्प आदि गतिविधियां करवाई जाती हैं। इस विभाग की डीन डॉ. मधुमीत हैं और डॉ. नीतू चोपड़ा, श्रीमती रश्मि शर्मा, सह-संयोजन हैं। डॉ. इकबाल, श्रीमती साधना टण्डन, डॉ. प्रदीप अरोड़ा, डॉ. मंजू साहनी, श्रीमती अमरप्रीत खुराना, श्रीमती अमरजोत, श्रीमती नीति कपूर, श्रीमती मनी खेड़ा, सुश्री राधिका, श्री सोनिक भाटिया इस विभाग के माननीय सदस्य हैं जो छात्राओं की भलाई के लिए दिन रात परिश्रम कर रहे हैं। इस विभाग में करवाई गई गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है-

- 12 जुलाई, 2019 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी **हेल्प डेस्क** का गठन किया गया जिसकी सदस्य छात्राओं ने विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों की सहायता और मार्गदर्शन किया जिससे नए परिसर में उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।
- 16 जुलाई, 2019 को **गाइडेड टूरज़** का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर छात्राओं ने विद्यालय में इस वर्ष प्रवेश लेने वाली छात्राओं को विद्यालय के मुख्य भवनों हॉल ऑफ फेम, स्टूडेंट डिवेल्पमेंट सैंटर, जिम, डिपार्टमैंट ऑफ स्टूडेंट वेल्फेयर, गांधीयन स्टडी सैंटर, हॉस्टल मैस, मुख्य सभागार, देवराज हॉल, प्रयास-द के एम वी आऊटलेट, वीर आस्था भवन, कांफ्रेंस हॉल, पुस्तकालयों, ब्लॉकस और लैबस का दौरा करवाया। इस कार्य के लिए 30 छात्राओं के समूह का मार्गदर्शन एक सीनियर छात्रा ने किया।
- 20 जुलाई, 2019 को विभाग द्वारा Dealing with Stress and Anxiety विषय पर **ओपन हाऊस मीटिंग** करवाई गई जिसमें डॉ. सविता मल्होत्रा, पूर्व डीन एवं हैड, डिपार्टमैंट ऑफ साइकेटरी, PGIMER, चंडीगढ़ स्रोत वक्ता के रूप में सम्मिलित हुई। इस मौके पर डॉ. एस.पी. गुप्ता, सदस्य विद्यालय प्रबंधक कमेटी भी उपस्थित थे।
- 23 जुलाई, 2019 को के एम वी **बुक बैंक** द्वारा नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत में ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की सहायतार्थ उन्हें पाठ्यक्रम की **पुस्तकें निशुल्क** वितरित की गई।
- विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में विद्यार्थी परिषद् एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छात्राओं के सर्वपक्षीय विकास एवं उनके भीतर नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा अपने कर्त्तव्य के लिए प्रतिबद्धता की भावना के लिए विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया है। शैक्षिकसत्र सत्र 2019-20 के लिए 120 सदस्यी परिषद् की पदाधिकारी सदस्य छात्राओं शपथ ली।

- 26 जुलाई, 2019 को **नोअ यूअर के एम वी** (Know Your KMV) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्राचार्या जी ने नए विद्यार्थियों को के.एम.वी. की महान ऐतिहासिक परम्पराओं गरिमा से परिचित करवाया और उन्हें ऑटोनोमस स्टेटस के साथ विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए पाठयक्रम, परीक्षा प्रणाली में किए गए सुधारों, और वेल्यू बेसड कार्यक्रमों के महत्त्व से भी परिचित करवाया। प्राचार्या जी ने नयी छात्राओं को के.एम.वी. में चल रहे वोकेशनल पाठयक्रमों से अवगत करवाने के साथ उनके सर्वपक्षीय विकास के लिए के.एम.वी. में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी उन्हें प्रदान की।
- 27 जुलाई, 2019 को विद्यार्थी कल्याण विभाग और इतिहास विभाग के.एम.वी. के संयुक्त प्रयास से **'भारत और प्रथम विश्व युद्ध'** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें प्रो. डॉ. प्रभजोत परमार, फ्रेज़रवैली यूर्निवसिटी, कनाडा ने बीज व्याख्यान दिया।
- 12 अगस्त, 2018 को विद्यार्थी कल्याण विभाग तथा फैशन डिज़ाईन एंड मर्चेंडाइज़िंग विभाग द्वारा रक्षा बंधन पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश की रक्षा में तैनात सिपाहियों के लिए राखियां बनाईं। छात्राओं के द्वारा बनाई गई राखियों को स्टॉल्स पर प्रदर्शित किया गया। इसके अतिरिक्त थाली डेकोरेशन में भी छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- 21 अगस्त, 2019 को Fly Udaan Jindgi Ki Trust के सहयोग से **सीनियर सिटीज़न डे** का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का परिवार और समाज में योगदान और उनकी उपस्थिति के महत्त्व के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से करवाए गए इस कार्यक्रम में समाज के सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा तैयार किया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और इसी के साथ आमंत्रित वरिष्ठ अतिथियों ने भी मंच नृत्य, गीत, रैम्प वॉक इत्यादि प्रस्तुतियां देकर जीवन में सक्रियता और जीवंतता के महत्त्व का संदेश छात्राओं को दिया।
- 28 अगस्त, 2019 को **वन डे फिटनैस वर्कशाप** लगाई गई। छात्राओं में स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से करवाई गई इस कार्यशाला में के.एम.वी. छात्रावास की छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला में योगाभ्यास के साथ-साथ जुम्बा और डांस क्लास भी हुई।
- 1 सितम्बर, 2019 को **वृक्षारोपण अभियान** में के.एम.वी. की छात्राओं ने पूरे उत्साह से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। के.एम.वी. सैंपलिंग ऑफ लाइफ क्लब के द्वारा इस अभियान का आयोजन प्रदेश सरकार द्वारा गुरु नानक देव जी की 550वें प्रकाश उत्सव के संदर्भ में चलाए गए 'नानक बगीची प्रोग्राम' के तहत किया गया। छात्राओं ने इस अभियान के अन्तर्गत 300 पौधे लगाए जिनमें नीम, अश्वगंधा, गुलमोहर के पौधे विद्यालय परिसर में भी लगाए गए।

**विद्यार्थी परिषद का गठन:**- 23 सितम्बर, 2019 को 120 सदस्यीय विद्यार्थी परिषद् का गठन किया गया और सभी पदाधिकारी छात्राओं को प्राचार्या जी ने शपथ दिलाई। इन पदाधिकारी छात्राओं की सूची निम्नलिखित है:-

| | | |
|---|---|---|
| ज्वाइंट हैडगर्ल | प्रिया | बी.ए. सेम.-V |
| | प्रणवचीत कौर | एम.ए.-साईकॉलोजी सेम.-III |
| | रुद्रांशी ठाकुर | बी.एस.सी. मैडिकल सेम.-V |
| वाइस हैडगर्ल | पाहुल | एम.एससी. जूऑलोजी सेम.-III |
| | नवदीप कौर | एम.कॉम सेम-सेम.-III |
| | कामाक्षी | बी.ए. (ऑनर्ज़)-सेम.-III |
| | अरोमा | बी.ए. सेम.-V |
| एसोसिएट हैडगर्ल | कुलविंदर | बी.ए. सेम.-III |
| | मनजोत | बी.ए. सेम.-V |

प्राचार्या जी ने सभी छात्राओं और डीन विद्यार्थी परिषद् डॉ. मधुमीत तथा उनकी टीम के सभी प्राध्यापक सदस्यों- श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती नीतू चोपड़ा, श्रीमती मनी खेड़ा और सुश्री प्रभदीप को उनके परिश्रम और सुयोग्य मार्गदर्शन के लिए मुबारकबाद दी।

- 17 सितम्बर, 2019 को WISCOMP के सहयोग से कन्या महाविद्यालय में जैंडर इक्वैलिटी एंड इंक्लूज़न: ट्रांसफार्मेटिव पाथवेज़ इन हायर ऐजुकेशन विषय पर **तीन दिवसीय कार्यशाला** का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में प्राध्यापकों के साथ-साथ छात्राओं ने भी भाग लिया। समाज के प्रख्यात शिक्षाविद, पंजाब के प्रतिष्ठित नागरिक समाज के प्रतिनिधि तथा नई दिल्ली और यू.एस से आए विद्वान् इस कार्यशाला में सम्मिलित हुए।
- गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर बलवंत गार्गी द्वारा रचित नाटक **'गगन में थाल'** का मंचन किया गया।
- 11 अक्तूबर, 2019 को टेलेंट शोकेस इवेंट करवाया गया।
- 4 दिसम्बर 2019 को दुष्कर्म के आरोपियों की कलुषित मानसिकता और जघन्य कृत्यों के विरोध में निकाले गए **शांति मार्च** में के.एम.वी. की छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से इन आरोपियों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने और उन्हें कड़े से कड़ा दण्ड दिए जाने के प्रति आवाज़ उठाई।
- 13 जनवरी, 2020 को के.एम.वी. के मुख्य लॉन में **लोहड़ी त्योहार** का आयोजन किया गया।
- 24 जनवरी, 2019 को **राष्ट्रीय बालिका दिवस** मनाया गया।
- 25.01.2020 को **गणतंत्र दिवस** की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्राओं और प्राध्यापिकाओं ने सहभागिता की।
- 28-30 जनवरी, 2020 तक के.एम.वी. **बुक बैंक** द्वारा नए समस्तर में प्रवेश लेने वाली ज़रूरतमंद छात्राओं के लिए बुक स्टॉल लगाया और उन्हें निशुल्क पुस्तकें वितरित कीं।
- 7 फरवरी, 2020 को **रक्तदान शिविर** का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं और प्राध्यापकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।
- 7 मार्च, 2020 को **पुस्तक समीक्षा** पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने उनके द्वारा पढ़ी गई पुस्तक स्वलिखित समीक्षा का पाठ किया।
- 9 मार्च, 2020 को रंगों के त्योहार पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्या जी ने सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के साथ फूलों से होली खेली। होली के परम्परागत गीत, माँ सरस्वती की स्तुति तथा फिल्मी धुनों की स्वर लहरियों से वातावरण आनंद से सराबोर हो उठा।

## पाठ्येतर गतिविधियां (ECA Dept)

छात्राओं के सर्वपक्षीय विकास के लिए अकादमिक के साथ-साथ सह-अकादमिक गतिविधियों का आयोजन करने के लिए विद्यालय में ई.सी.ए. विभाग निरन्तर सक्रिय रहता है। डॉ. गुरजोत (अध्यक्ष, इतिहास विभाग), डॉ. हरप्रीत कौर (पंजाबी विभाग), डॉ. पूनम शर्मा (संगीत विभाग), सुश्री गीतिका (अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग) के कुशल संचालन में वर्ष पर्यन्त ई.सी.ए. विभाग के द्वारा समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष सम्पन्न हुई सह-अकादमिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है। सत्र के प्रारम्भ में नवागत छात्राओं को उनकी अन्तर्निहित प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान करने के लिए **प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं** करवाई गई इसके अन्तर्गत सम्पन्न हुई, गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :-

## टेलेंट स्पॉट लाईट (प्रतिभा खोज प्रतियोगिता) (Talent Spot Light) :

- 16 अगस्त, 2019 को ललित कला प्रतिभा खोज मुकाबले करवाए गए।
- 19 अगस्त, 2019 को आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभा खोज मुकाबले में सुश्री अवलीन, दलजीत ने प्रथम व द्वितीय तथा सुश्री कौशल्या और पार्वती तृतीय स्थान पर रहीं।
- 20 अगस्त को वाद-विवाद, भाषण कला तथा काव्योच्चारण की प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

- 21 अगस्त, 2019 को संगीत श्रेणी में लोक गीत/ ग़ज़ल/शब्द तथा एकल शास्त्रीय गायन की टेलेंट हंट प्रतियोगिता में सुश्री युक्ता और पूजा ने प्रथम तथा द्वितीय व सुश्री आरजू एवं निष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 22 अगस्त, 2019 को हुए फोटोग्राफी के प्रतिभाखोज मुकाबले में जसमीन ने प्रथम, इश्मीत पलविंदर ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 27 अगस्त, 2019 को 'टेलेंट स्पॉटलाईट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं के इस फिनाले में नृत्य फैंसी ड्रैस, मॉडलिंग तथा लघु नाटिकाएं प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 350 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्राओं को ट्राफीज़ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## युवा महोत्सव (Youth Festival)

गुरु नानक देव वि. वि अमृतसर द्वारा युवा महोत्सव (ज़ोनल) का आयोजन 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक डी.ए.वी. कॉलेज जालंधर में हुआ। विद्यालय की आर्ट्स, साईंस, कामर्स, वोकेशनल और आई.टी फैकल्टी की 67 छात्राओं ने 28 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। 40 से अधिक प्राध्यापकों ने इन प्रतियोगिताओं के लिए छात्राओं की प्रशिक्षित करने में योगदान दिया। युवा महोत्सव में हमारी उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

- ग्रुप डांस लुड्डी तथा गिद्दा में **प्रथम स्थान।**
- फुलकारी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, वेस्टर्न, ग्रुप सांग तथा क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल (नॉन परकर्शन) में **द्वितीय स्थान।**
- एल्यूकेशन, मिमिकरी और क्विज़ में **तृतीय स्थान।**
- सुश्री प्रदीप ने गिद्दा में **सर्वोत्तम नर्तकी ( Best Dancer )** श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 5 नवम्बर, 2019 को नामदेव सोसायटी की ओर से करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिता में दो छात्राओं ने भाग लिया। सुश्री हरमन (डिप्लोमा इन कॉस्मोटॉलोजी-सेम-I) ने लाईफ़ ड्राइंग में प्रथम, सुश्री गुरदीप (एम.ए. फाईन आर्ट्स- समस्तर-III) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 7 नवम्बर, 2019 को **इंटर कॉलेज दोआबा यूथ फेस्ट** का आयोजन दोआबा कॉलेज, जालंधर में हुआ। इसके अन्तर्गत के.एम.वी. की छात्राओं ने 23 प्रतियोगिताओं में भाग लिया और निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए :

  1) ग्रुप डांस (लुड्डी), कोरियोग्राफी, इंस्टालेशन, रंगोली, फुलकारी, लोग गीत, फ्लॉवर अरेंजमेंट, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, लैंडस्केप, ग़ज़ल प्रतियोगिता में **प्रथम स्थान।**
  2) माईम, वाद-विवाद, भाषण तथा काव्योच्चारण प्रतियोगिता में **द्वितीय स्थान।**
  3) सूफ़ी कलाम, स्केचिंग, कोलॉज, पेंटिंग, स्टिल लाईफ़ और फोटोग्राफ़ी में **तृतीय स्थान।**

  के.एम.वी. टीम ने **ओवर ऑल ( विनर्स ) ट्रॉफी** जीत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## अन्य गतिविधियां

- 16-19 नवम्बर, 2020 को विद्यालय में सर्व सुख सेवा मिशन के सहयोग से **लोहड़ी का त्योहार 'लोहड़ी धीआं दी'** मनाया गया। इस अवसर पर श्री दीपक राजा, श्री घोलेशाह इन सुप्रसिद्ध हास्य कलाकारों ने तथा सुविख्यात गायक श्री जुगराज संधू ने अपनी प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की छात्राओं ने समूह शब्द-गायन तथा समूह नृत्य प्रस्तुत किया।
- 26 नवम्बर, 2020 को **गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य** में ज़िला प्रशासन द्वारा गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की 70 छात्राओं ने कोरियोग्राफी प्रस्तुत की।

- 30-31 जनवरी, 2020 को **पंजाब युवा महोत्सव** का आयोजन यूथ सर्विसिज़ विभाग, पंजाब द्वारा किया गया जिसमें 15 विश्वविद्यालयों से आई टीमों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। हमारी लुड्डी और गिद्दा टीम ने गुरु नानक देव वि.वि., अमृतसर का प्रतिनिधित्व किया। **लुड्डी टीम ने प्रथम स्थान** हासिल किया और **गिद्दा टीम तीसरे स्थान** पर रही। सुश्री **नवदीप कौर को सर्वोत्तम नर्तकी** घोषित किया गया।
- 13-15 फरवरी, 2020 को अखिल भारतीय लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन कल्चरल एसोसिएशन द्वारा रायपुर रसूलपुर में किया गया जिसमें विद्यालय ने 6 प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनके परिणाम अधोलिखित हैं:-

  1) गिद्दा, लुड्डी, मिमिकरी, विवाह गीत (मैरिज सांग) में **प्रथम।**

  2) लोक गीत तथा फैंसी ड्रैस में **द्वितीय।**

  3) **सुश्री नवरूप कौर 'लुड्डी' में प्रथम सर्वोत्तम नर्तकी** तथा **सुश्री प्रदीप कौर को 'गिद्दियां दी रानी' घोषित किया गया।**

  4) विद्यालय ने संगीत और नृत्य श्रेणी में **ओवरऑल ट्रॉफी** जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।
- 18 फरवरी, 2020 को **के.एम.वी. कार्निवाल ऑफ फन एंड फिएस्टा** का आयोजन किया गया जिसमें स्वादिष्ट खाद्य व्यंजनों, मंनोरंजक खेलों, ऐथलिक ज्वैलरी, कुर्तियां, टापरवेअर, हर्बल प्रॉडक्ट्स, नेल आर्ट, सेल्फी स्टेशन और डिस्प्ले ऑफ कार्स स्टाल लगाए गए। बेबी और मॉम शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सुप्रसिद्ध गायक माशा अली ने अपनी सधी हुई सुरीली आवाज़ में श्रोताओं को अभिभूत किया।
- 20 फरवरी, 2020 को विरसा विहार कपूरथला में आयोजित किए गए 'हमदर्द विरासती मेला' में सुश्री अमनदीप कौर ने **'रवायती पहरावा'** खिताब जीता।
- 28 फरवरी, 2020 को APJIMT में आयोजित हुई 'APJSPARK' अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिता में कॉलेज की 16 छात्राओं ने भाग लिया और निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए:-

  1) ग्रुप डांस (लुड्डी) और वाद-विवाद प्रतियोगिता में **प्रथम**।

  2) रंगोली में **द्वितीय**।

  3) मिमिकरी, नुक्कड़ नाटक, क्विज़ और ट्रेज़र हंट में **तृतीय**।
- 15 अगस्त, 2019 को गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में कन्या महाविद्यालय की 80 छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कोरियोग्राफी प्रस्तुत की और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## क्रीड़ा विभाग की उपलब्धियां (Achivements of Sports Department) :

शैक्षिक सत्र 2019-20 में कन्या महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग का प्रदर्शन शानदार रहा और कॉलेज की खेल टीमों ने इंटरनैशनल, नैशनल, सीनियर नैशनल, जूनियर नैशनल, इंटर कॉलेज, ऑल इंडिया इंटरवर्सिटी, खेलो इंडिया गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, स्टेट और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से विद्यालय की कीर्ति और गौरव को बढ़ाया। इन प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतियोगी छात्राओं को खेल विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय की खेल टीमों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है:-

### सॉफ्टबॉल (Softball) :

- हमारी सॉफ्टबॉल टीम, गुरु नानक देव वि. वि. अमृतसर में आयोजित हुई **इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में चैम्पियन** रही।
- अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी स्तर पर आयोजित सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में हमारी छात्राओं सुश्री हीरा कुमारी, प्रकाश कौर, सुष्मिता, रमनदीप कौर, श्वेता, लक्ष्मी तथा डिम्पल ने प्रतिभागिता की और **रजत पदक** प्राप्त किया।

- सुश्री हीरा कुमारी ने सीनियर सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में भाग लिया और इसी के साथ उसने चण्डीगढ़ से **नार्थ ज़ोनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप** में भी प्रतिभागिता की।
- सुश्री रमनदीप कौर नार्थ ज़ोन फुटबाल चैम्पियनशिप में स्वर्णपदक प्राप्त किया। सुश्री रमनदीप ने **सीनियर नैशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप** में रजत पदक प्राप्त किया।
- विद्यालय की चार छात्राओं - श्वेता, मोनिका, डिम्पल तथा सुरभि ने हिमाचल प्रदेश **सीनियर नैशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप** में भाग लिया।
- विद्यालय की छः छात्राओं - सुश्री डिम्पल, श्वेता, अक्षिता, सुरभि, अनुष्का और मोनिका ने हिमाचल प्रदेश से **नार्थ ज़ोन सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप** में भाग लिया।
- हमारी सॉफ्टबॉल टीम की खिलाड़ी छात्राओं सुरभि, डिम्पल, मोनिका, श्वेता, अक्षिता, वैशाली, नैंसी, अनुष्का, ज्योति, शिवानी, कविता, समीक्षा और हर्षिता ने हिमाचल प्रदेश **सीनियर स्टेट सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में स्वर्ण-पदक** प्राप्त किया।
- सुश्री अक्षिता ने हिमाचल प्रदेश से हिमाचल प्रदेश **जूनियर नैशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप** में भाग लिया।
- सुश्री प्रकाश कौर, लक्षमी और सुष्मिता ने पंजाब **सीनियर स्टेट बेसबॉल चैम्पियनशिप** में भाग लिया।
- सुश्री प्रकाश कौर, लक्षमी, रमनदीप कौर, मनीषा, प्रिया और सुष्मिता ने पंजाब सीनियर स्टेट सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में प्रतिभागिता की।
- हमारी सॉफ्टबॉल टीम ज़िला स्तरीय सॉफ्टबॉल टूर्नामैंट में विजेता रही।

## वॉलीबाल (Volleyball) :

- विद्यालय की वॉलीबॉल टीम गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **इंटर कॉलेज वॉलीबॉल चैम्पियनशिप** में विजेता रही।
- हमारी चार खिलाड़ी छात्राओं सुश्री भूपिंदर कौर, मनजिंदर कौर, हरमनप्रीत कौर और मनजीत कौर ने कुरुक्षेत्र वि.वि. कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लिया।
- सुश्री भूपिंदर कौर तथा मनप्रीत कौर ने **पंजाब सीनियर नैशनल वॉलीबॉल** चैम्पियनशिप में सहभागिता की।
- सुश्री भूपिंदर कौर गुरु नानक देव वि. वि. अमृतसर में आयोजित हुए **पंजाब वॉलीबॉल फेडरेशन कप** में सहभागी हुई।
- विद्यालय की चार खिलाड़ी छात्राओं- सुश्री भूपिंदर कौर, मनजिंदर कौर, हरमनप्रीत कौर और मनजीत कौर ने भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित हुई **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्ज़** में प्रतिभागिता की।
- सुश्री सुखप्रीत कौर, मनजीत कौर और हरमनप्रीत कौर ने गुवाहाटी, आसाम में आयोजित हुई **खेलो इंडिया गेम्ज़** में भाग लिया।
- के.एम.वी. वॉलीबॉल टीम ने जालंधर में आयोजित हुए अंडर **25 वॉलीबॉल ओपन डिस्ट्रिक्ट टूर्नामैंट** में भाग लिया और हमारी टीम मानसा में आयोजित हुए अंडर 25 **ओपन स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामैंट में विजेता रही।**
- विद्यालय की वॉलीबॉल टीम वॉलीबॉल ओपन डिस्ट्रिक्ट टूर्नामैंट में विजयी रही और ओपन वॉलीबॉल रूरल कैश प्राईज़ **टूर्नामैंट में दूसरा स्थान प्राप्त** किया।

## हैंडबॉल (Handball) :

- विद्यालय की हैंडबॉल टीम गुरु नानक देव वि. वि. अमृतसर में हुई इंटर कॉलेज हैंडबाल चैम्पियनशिप में विजेता रही।
- हमारी छः खिलाड़ी छात्राओं ने सुश्री रेणु बाला, अनु कुमारी, अलिशा, हेमा, मनप्रीत कौर तथा चाँदनी ने बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई नार्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबाल चैम्पियनशिप में सहभागिता की।
- के.एम.वी. की दस खिलाड़ी छात्राओं सुश्री अनु कुमारी, हेमा, चाँदनी, सुनीता, रेनु, अलिशा, अमनदीप, मनप्रीत कौर, प्रतिभा और गुरबीर कौर ने मानसा में हुई अंडर 25 ओपन स्टेट चैम्पियनशिप में भाग लिया।

- विद्यालय की हैंडबॉल टीम ने अंडर-25 हैंडबॉल डिस्ट्रिक्ट टूर्नामैंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**खो-खो (Kho-Kho) :**

- कॉलेज की खो-खो टीम ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज खो-खो चैम्पियनशिप में **फर्स्ट रनर अप** पोज़ीशन प्राप्त की।
- हमारी पाँच छात्राओं सुश्री, सुदीक्षा ठाकुर, सुखवंत कौर, लाभप्रीत कौर, कमलप्रीत कौर तथा सिमरन ने नार्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो चैम्पियनशिप में प्रतिभागिता की।
- सुश्री सुदीक्षा ठाकुर तथा सुखवंत कौर ने छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई सीनियर नैशनल खो-खो चैम्पियनशिप में भाग लिया।
- सुश्री सुदीक्षा, सुखवंत कौर, लाभप्रीत कौर, कमलजीत, प्रिया, निशा कुमारी, रजनी देवी, सुमनदीप कौर, दिलप्रीत कौर और सहजप्रीत कौर ने गुरदासपुर में आयोजित सीनियर स्टेट खो-खो चैम्पियनशिप में प्रतिभागिता की।
- हमारी खो-खो टीम ने अंडर-25 खो-खो ओपन डिस्ट्रिक्ट टूर्नामैंट में दूसरा स्थान तथा मानसा में आयोजित हुए अंडर-25 खो-खो ओपन स्टेट टूर्नामैंट में **तृतीय स्थान** प्राप्त किया।

**ताइक्वांडो (Taekwondo) :**

- सुश्री अंकिता बाली और काजल ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत, पिंकी और सीमा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- सुश्री अंकिता बाली ने ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लिया।
- सुश्री अंकिता ताइक्वांडो खिलाड़ी ने अंडर 46 कि.ग्रा. भार श्रेणी में ऑल ओवर इंडिया जी आई (GI) इंटरनैशनल रैंकिंग टूर्नामैंट (ओलम्पिक क्वालीफाइड रैंकिंग) में नवम स्थान प्राप्त किया।
- पंजाब के ज़िला लुधियाना में हुए ओपन ताइक्वांडो टूर्नामैंट में सुश्री पिंकी ने **स्वर्ण पदक** और मलकीत कौर, जसविंदर कौर, सिमरनजीत कौर तथा अमनजोत कौर ने **रजत पदक,** तान्याप्रीत कौर तथा कर्मदीप कौर ने **कांस्य पदक** हासिल किया।

**ऐथलैटिक्स**

- सुश्री राधिका कुमारी ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज ऐथलेटिक मीट में 1500 मी. तथा 5000 मी. की दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कॉलेज की कीर्ति को बढ़ाया।
- सुश्री राजदीप कौर ने जीएनडीयू इंटर कॉलेज ऐथलेटिक मीट में ट्रिपल जम्प में **कांस्य पदक** तथा लोंग जम्प में **रजत पदक** प्राप्त किया
- सुश्री नवनीत कौर ने जीएनडीयू इंटर कॉलेज ऐथलेटिक मीट में हैमर थ्रो में **रजत पदक** जीत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- सुश्री राम कुमारी ने जीएनडीयू इंटर कॉलेज ऐथलेटिक मीट में 10,000 मी. में **कांस्य पदक** प्राप्त किया।
- सुश्री जसविंदर कौर तथा मलकीत कौर ने जीएनडीयू इंटर कॉलेज Pencak Silal Championship में **कांस्य पदक** जीता।
- सुश्री पिंकी ने अम्बाला (हरियाणा) में आयोजित हुई Open State Pencak Silal Championship में **रजत पदक** प्राप्त किया।
- सुश्री मलकीत कौर ने अमृतसर में आयोजित हुई Open State Pencak Silal Championship में **रजत पदक** और जसविंदर कौर ने **कांस्य पदक** प्राप्त किया।
- जीएनडीयू इंटर कॉलेज Wushu Championship में विद्यालय की खिलाड़ी छात्रा सुश्री जसविंदर कौर ने **कांस्य पदक** प्राप्त किया।

- सुश्री जसलीन कौर, अरशदीप और मनप्रीत कौर ने मानसा में हुई अंडर-25 ओपन स्टेट चेम्पियनशिप में **कांस्य पदक** जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।
- शैक्षिक सत्र 2019-20 में विविध स्तरीय टूर्नामैंट में भाग लेने वाली खिलाड़ी छात्राओं का संक्षिप्त ब्यौरा इस प्रकार है-

  इंटरनेशनल लेवल - 1 खिलाड़ी
- **ऑल ओवर इंडिया जी I इंटरनेशनल रैंकिंग टूर्नामैंट** (ओलिम्पिक क्वालीफाइड रैंकिंग) में 46 कि. ग्रा. भार-श्रेणी में नवम रैंक अर्जित किया।

| | | |
|---|---|---|
| - इंटर कॉलेज लेवल | - | 91 (Ninety One) |
| - स्टेट लेवल | - | 66 (Sixty Six) |
| - ऑल इंडिया इंटरयूनिवर्सिटी लेवल | - | 23 (Twenty Three) |
| - सीनियर नैशनल लेवल | - | 26 (Twenty Six) |
| - जूनियर नैशनल लेवल | - | 1 (One) |

## गांधीयन स्टडी सेंटर (Gandhain Studies Centre):-

यू.जी.सी. की (EPOCH) योजना के अन्तर्गत 2008 में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित द्वारा उद्घाटित गांधीयन स्टडीज़ सेंटर के अन्तर्गत प्रति वर्ष अनेक कार्य सम्पन्न होतेहैं। इस वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जन्मतिथि के अवसर पर सेंटर की ओर से साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय और शहर में किया गया:

## रन फॉर स्वच्छ भारत (Run for Swachh Bharat) :

पूरा सप्ताह चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारम्भ स्वच्छ सशक्त भारत के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दौड़ को श्री दीपर्व लाकरा, म्युनिसिपल कमिश्नर, जालंधर ने फ्लैग ऑफ किया। 300 लोगों ने इस दौड़ में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

## वृक्षारोपण अभियान (Tree Plantation Campaign) :-

इसी दिन वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। विद्यालय में श्री दीपर्व लाकरा द्वारा संरक्षित एक उद्यान में उन्होंने पौधा लगा कर इसकी शुरुआत की।

## स्वच्छता अभियान (Cleaning Compaign) :-

जालंधर नगर निगम के पार्क में इस अभियान का आरम्भ श्री वरिन्दर कुमार शर्मा, डिप्टी कमिश्नर, जालन्धर और श्री दीपर्व लाकरा, म्यूनिसिपल कमिश्नर ने किया।

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

(1-3 अक्तूबर, 2019) महात्मा गांधी जी की 150वीं जन्मतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रदर्शनी का आयोजन फील्ड ऑऊट रीच ब्यूरो, मिनिस्ट्री ऑफ इन्फार्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग, भारत सरकार के सहयोग से 1-3 अक्तूबर, 2019 तक किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्गाटन श्री दीपर्व लाकरा कमिश्नर, म्युनिसिपल कार्पोरेशन, जालंधर तथा वरिंदर कुमार शर्मा, डिप्टी कमिश्नर जालंधर ने किया।

के.एम.वी. के गांधीयन स्टडीज़ सेंटर द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन' की पृष्ठभूमि में एक बड़े चित्रपट पर गांधी जी के जीवन से सम्बंधित चित्रों को प्रस्तुत किया गया। इसी के साथ चरखा तथा सूत तैयार करती महिलाओं के दृश्य भी प्रदर्शित किए गए। चम्पारन घटना के शताब्दी वर्ष पर के.एम.वी. की छात्राओं ने स्क्रीन पर एक नाटक प्रस्तुत किया जिससे अन्य विद्यालयों से आए विद्यार्थी भी गांधी जी के जीवन से प्रेरित हो सकें। के.एम.वी. के गांधीयन स्टडी सेंटर द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए एक कार्नर स्टॉल भी लगाया गया।

## साक्षरता अभियान (Literacy Campaign) :

इस केंद्र द्वारा सन् 2009 से ट्रांसपोर्ट नगर के स्कूल बनारसी दास चेरीटेबल स्कूल का संरक्षण लिया गया। इस वर्ष सेंटर द्वारा संरक्षित चेरीटेबल स्कूल में प्रवासी मज़दूरों के बच्चों के लिए Toy Room तैयार किया गया। बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी, बैग्ज़ वितरित किए गए। सेंटर द्वारा संरक्षित चेरीटेबल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। सेंटर के अनेक स्कूलों में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्कूल में एक दिवसीय शिविर भी लगाया गया।

## स्त्री सशक्तिकरण कक्ष (Women Empowerment Cell) :-

इस केन्द्र के अन्तर्गत एक स्त्री सशक्तिकरण सैल है, जिसमें आस पास के गाँवों की ग्रामीण लड़कियों एवं महिलाओं को नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन महिलाओं को कॉस्मेटॉलॉजी, फैशन डिज़ाइनिंग, कम्प्यूटर, मोमबत्ती बनाना, पॉट डेकोरेशन और ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह केन्द्र इन लड़कियों को नि:शुल्क मैटीरियल भी प्रदान करता है। यह केन्द्र अभी तक जालंधर के आसपास के गाँवों की लगभग 2500 महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुका है और उन्हें आत्मनिर्भर बना चुका है।

- गांव शेखे में वोकेशनल ट्रेनिंग कैम्पस लगाए गए जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। आस-पास के गांवों में रहने वाली 30 महिलाओं को कॉस्मोटॉलोजी, फैशन डिज़ाईनिंग और बेसिक कम्प्यूटर में निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया।

## गांवों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन:-

ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सेंटर की ओर सामाजिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का आयोजन भी समय-समय पर किया जाता है। इसी शृंखला में शेखे गांव में **वॉटर वारिअर्स ने जल संरक्षण** के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक किया।

## संवेदना प्रकोष्ठ (Empathy Corner) :

गांधीयन स्टडीज़ सेंटर की ओर से संवेदना प्रकोष्ठ 2016 में स्थापित किया गया। यह केन्द्र इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्रतिवर्ष निर्धन एवं असहाय लोगों के लिए कार्य करता है।

## एन.सी.सी. (National Cadet Core) :

कन्या महाविद्यालय प्रथम संस्था है जो 2Pb (G) Bn NCC जलंधर से सम्बद्ध है। संस्था के संस्थापक लाला देवराज जी के स्वप्न के अनुरूप स्त्री को सशक्त करना विद्यालय की प्राचार्या एवं प्राध्यापकों का प्रथम कर्त्तव्य है। के.एम.वी. के एन.सी.सी. सब यूनिट में 105 महिला कैडेट्स हैं जिन्हें अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए, स्वस्थ व दक्ष बनाने में इस यूनिट का बहुत बड़ा अवदान है। श्रीमती सीमा अरोड़ा (एसो. प्रो. अंग्रेज़ी विभाग) के दिशा-निर्देश में एन.सी.सी. की गतिविधियां सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रही हैं। इस सत्र में एन.सी.सी. की ओर से अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है-

- ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर अद्वितीय मदान जालंधर ग्रुप ने के.एम.वी. में 2 Pb(a) BN NCC Jal के एन सी.सी. कैड्रेटस से मुलाकात की। 21 स्कूलों और कॉलेजों से आए कैड्रेटस के साथ संवाद किया और TCS 2019 की गतिविधियों के लिए संभावित प्रतिभागियों परफामेंस का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को 'I will win' का स्लोगन देकर उनके मनोबल को बढ़ाया।
- दिनांक 18 जून 2019 से 27 जून 2019 तक HRMMV Jal में आयोजित समर कैम्प में के.एम.वी. की एन.सी.सी. कैडेटस ने भाग लिए। कैम्प दौरान, फायरिंग, ड्रिल, एन सी सी सब्जेक्ट क्लासेज़, खेल/ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- इस दस दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प में के.एम.वी. की छात्रा प्रीति कौंडल को कैम्प सीनियर चुना गया और उन्हे स्वर्ण पदक से

सम्मानित किया गया। विशाखा बनयाल ने सोलो डांस में प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय तथा प्लेकार्डस मेकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

- 16 अगस्त से 27 अगस्त, 2019 तक एन.सी.सी. अकादमी मलोट में आयोजित हुए BLC बेसिक लीडरशिप कैम्प में 7 अलग-अलग ग्रुप्स के कैड्टस ने डायरेक्टोरेट लेवल कैम्प में प्रतिभागिता की। कैम्प में दिया गया प्रशिक्षण नेतृत्व और प्रबंधन, व्यक्तित्व एवं सामान्य कौशल विकास और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। Sgt. आरती शर्मा (10+2 आर्टस) ने खेल गतिविधियों में भाग लिया और बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 10-9-19 से 19.9.19 तक सैकेंड CATC का आयोजन एल.पी.यू. फगवाड़ा में हुआ जिसमें के.एम.वी. की 16 कैडेटस ने भाग लिया। एल. पी. यू में ही थर्ड CATC Cum Launch Camp 21 अक्तूबर से 30 अक्तूबर 2019 तक आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में उन्हें हाथ धोना, बिस्तर बिछाना और बांधना, प्राथमिक चिकित्सा प्राकृतिक बीमारियों के साथ-साथ सांप, कुत्ते के काटने के उपचार, कैमिकल्स से होने वाली जलन को दूर करना तथा हड्डी और जोड़ टूटने पर किए जाने वाले प्राथमिक उपचार से सम्बन्धी तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। के.एम.वी. की 4 छात्राओं- विदुषी, पूजा, रुपिंदर, ---इस शिविर में सम्मिलित हुई और शिविर के अंत में हुए परीक्षा में विदुषी ने टॉप किया।
- विगत शैक्षिक सत्र के दौरान तिरवंतपुरम से नई दिल्ली तक चली स्वच्छता पखवाड़ा रैली का स्वागत कन्या महाविद्यालय, जालन्धर द्वारा किया गया।
- COVID-19 महामारी के इस दौर में के.एम.वी. की एन.सी.सी कैडेटस ने सामाजिक जागरुकता के लिए निरंतर प्रयास किए और सफाई से हाथ धोने और मॉस्क पहनने के लाभ इत्यादि विषयों पर वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। कुछ कैडेट्स ने मॉस्क सिलाई किए और इन्हें जरूरतमंद लोगों में वितरित भी किया।

  अनेक कैडेटस ने दीक्षा पोर्टल पर ऑनलाईन एनसीसी कोविड-19 कोर्स सम्पन्न कर प्रमाणपत्र भी प्राप्त किए।
- इन सब के साथ के.एम.वी. के 23 कैड्टस BEE तथा 22 कैड्टस CEE सर्टिफिकेट परीक्षा भी दी जिसका परिणाम निकट भविष्य में घोषित होगा।
- S/UO प्रीति कौंडल ने गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम, डालंधर में 2 Pb (G) BN Jal Troop for IP Parade को कमांड किया और श्री वरिन्द कुमार (डिप्टी कमिश्नर जालंधर) ने उन्हें कमांडैटिन प्रदान कर सम्मानित किया।

  इसी के साथ उल्लेखनीय है कि एन.सी.सी. कैड्टस ने विद्यालय के सभी प्रमुख समारोहों में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत करने के साथ-साथ गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में पूरे जोश और उत्साह से भाग लिया।
- 22 सितम्बर से 01 अक्तूबर 2019 तक NSS Grp HQS. लुधियाना के तत्वावधान में 6 Punjab (G) BN NCC , मलोट के द्वारा एक एडवांस लीडरशिप कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं- ओ.टी., इंटर ग्रुप वॉलीवाल, सांस्कृति प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता। इसी के साथ विद्यार्थियों को नेतृत्व एवं प्रबंधन, सशक्त सेना बल से परिचय व्यक्तित्व एवं सामान्य कौशल विकाल, सामान्य ज्ञान तथा इत्यादि अनेक विषयों का प्रशिक्षण देने के साथ विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता का विकास करने वाली मूवीज भी दिखाई गई। के.एम.वी. की छात्रा S/ UO प्रीति कौंडल को कैम्प सीनियर बनाया गया। के.एम.वी. छात्रा विशाखा द्वारा तैयार किए गए ग्रुप सांग ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। जालंधर की वॉलीवाल टीम ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की।
- शैक्षिक सत्र 2019-20 के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण कैम्प M + 1 का आयोजन MH जालंधर में 17 अक्तूबर से 18 अक्तूबर, 2019 तक हुआ। यूनिट के अलग-अलग कॉलिज के 14 कैड्टस ने इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें स्वच्छ, स्वस्थ और प्रसन्न जीवन चर्या के आचरण को अपनाने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

## राष्ट्रीय समाज सेवा (NSS) की गतिविधियां :-

श्रीमती आशिमा साहनी (अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग) डॉ. सोनिक भाटिया (एसो. प्रो. भौतिक विज्ञान विभाग) तथा श्रीमती आनन्द प्रभा, (एसो. प्रो. गणित विभाग) के श्रम एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य सक्रियता एवं प्रतिबद्धता से सम्पन्न हो रहे हैं। विद्यालय का एन.एस.एस. विभाग वर्षों से बेहतरीन कार्य कर सामाजिक उत्थान में अपना योगदान दे रहा है। इस विभाग ने मई 2018 से चार गांवों का संरक्षण ग्रहण किया है। इस विभाग द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों का विवरण इस प्रकार है -

- 21 मई, 2019 को 'वर्ल्ड एंटी टेररिज़्म डे' के अवसर पर छात्राओं ने स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबन्ध लेखन, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस मौके पर एक रैली भी निकाली गई। इस गतिविधि में 80 छात्राओं ने सहभागिता की।
- 30 मई, 2019 को **उन्नत भारत अभियान** के अन्तर्गत गांव करारी का दौरा किया गया और इस दौरे के दौरान गाँव भर में उन नलों, जिनसे पानी रिस रहा था के स्थान पर नए नल लगाने के लिए 150 नए नल वितरित किए गए। 150 छात्राओं ने इस गतिविधि में सहभागिता की।
- 31 मई, 2019 को **'नो तम्बाकू डे'** मनाया गया जिसके अन्तर्गत स्लोगन लेखन पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं हुईं जिनमें 80 छात्राओं ने भाग लिया।
- 21 जून, 2019 को **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** में विद्यालय की 100 छात्राओं ने सहभागिता की। इस योग सत्र के दौरान उन्हें स्वस्थ शरीर के एक नियमित दिनचर्या और योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।
- 10 जून से 31 जुलाई, 2019 तक आयोजित की गई स्वच्छ भारत **समर इंटर्नशिप** में 70 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें उन्हें प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन तथा जल संरक्षण के विषय में प्रशिक्षित किया गया।
- 8 सितम्बर, 2019 को **स्वच्छ सशक्त भारत कार्यक्रम** के अन्तर्गत 100 छात्राओं ने सहभागिता की और इस कार्यक्रम में के.एम.वी. की छात्राओं द्वारा तैयार की गई वर्दियां सफाई कर्मचारियों को वितरित की गईं।
- 28 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2019 तक आयोजित किए गए विज़ीलैंस अवेयरनैस वीक में 100 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें इंटेग्रिटी-ए वे ऑफ लाइफ़ थीम के अन्तर्गत मानवीय एवं जीवनमूल्यों की शिक्षा दी गई।
- 3 अक्तूबर, 2019 को प्रिवेंट **'सबटल बर्निंग एंड सेव एनवायरनमैंट'** शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 200 छात्राओं ने सहभागिता की। इस मौके पर उन्हें पराली जलाने से पर्यावरण को हो रही क्षति के विषय में जागरूक किया गया।
- 26 नवम्बर, 2019 को भारत में आज़ादी के बाद संविधान लागू होने की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर **70th Celebrations of the Constitution** शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं को उनके मौलिक कर्त्तव्यों से अवगत करवाया गया।
- 10 दिसम्बर, 2019 को **ह्यूमैन राइट्स डे'** कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें Youth Standing up for Human Rights विषय पर छात्राओं को जागरूक किया गया।
- 25-31 दिसम्बर, 2019 को गाँधी वनिता आश्रम, जालंधर में एन.एस.एस शिविर लगाया गया।

## एम.ओ.यू.

संस्कृत विभाग द्वारा जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए।

## अखिल भारतीय प्रतियोगिताएँ:-

- 10 अगस्त, 2019 को **नेशनल अन्वेषिका स्किल टैस्ट 2019** का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिज़िक्स टीचर्स (IA PT) के सहयोग से कन्या महाविद्यालय में किया गया जिसमें उत्तर भारत के स्कूलों से 197 तथा विभिन्न महाविद्यालयों से 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

- 17 अगस्त, 2019 को **एन.ए.ई.एस.टी ( NAEST )** के तत्त्ववावधान में **प्रिलिमीनरी स्क्रीनिंग टैस्ट** का आयोजन कन्या महाविद्यालय परिसर में किया गया इस परीक्षा में विभिन्न संस्थाओं से आए विद्यार्थियों ने फिज़िक्स विषय से सम्बन्धित विभिन्न प्रयोग किए जिनके आधार पर उनकी स्क्रीनिंग की गई।

## सरस्वती पूजन समारोह (Saraswati Poojan Ceremony) :

दिनांक 9 अगस्त 2019 को 135वें सरस्वती पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अविनाश राय खन्ना मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। विद्यालय में नई प्रवेश लेने वाली छात्राओं के स्वागत के लिए आयोजित किए गए इस परंपरागत कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं अतिथि अभिनंदन के साथ हुई। विद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डॉक्टर अतिमा शर्मा द्विवेदी ने विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कन्या महाविद्यालय की छवि पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय को प्राप्त स्वायत्त स्टेट्स, कौशल केंद्र, स्टार कॉलेज स्टेटस के साथ-साथ इंडिया टुडे मैगजीन के सर्वेक्षण के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में विद्यालय को प्राप्त बेस्ट रैंकिंग जैसी उपलब्धियों की गौरवमयी शृंखला से भी अवगत कराया। इसके अलावा इस अवसर पर यूथ वेल्फेयर डिपार्टमैंट की न्यूज़लाईन 'यूथ पल्ज़' एवं कॉमर्स विभाग के इंडियन जनरल ऑफ इम्पीरिकल रिसर्चिस इन कॉमर्स को रिलीज किया गया। श्री चंद्र मोहन ने अपने संबोधन में विद्यालय में पधारे अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें के.एम.वी के गौरवमयी इतिहास से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि बदलते हुए दौर में नारी को सशक्त बना कर उसे अपने अधिकारों के प्रति सजग और सचेत करना कि इस संस्था का मनोरथ है। मुख्य अतिथि महोदय श्री अविनाश राय खन्ना ने छात्राओं को संबोधित होते हुए कॉलेज में नई छात्राओं के अभिनंदन की इस विद्यालय परंपरा की सराहना की। उन्होंने कहा की छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करनी चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण तथा समाज के समक्ष उपस्थित पानी के संकट की ओर सभी का ध्यान केंद्रित करते हुए जल संरक्षण के उपायों के बारे में बात की। कार्यक्रम के अंत में श्री आलोक सोंथी, जनरल सैक्रेटरी केएमवी मैनेजिंग कमेटी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा छात्राओं को पूर्ण लगन प्रतिबद्धता और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य श्री सतपाल गुप्ता, श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती नीरु कपूर के साथ अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## वार्षिक दीक्षांत समारोह (Annual Convocation) :

13 सितंबर, 2019 को भारत की विरासत संस्था कन्या महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित पंजाब के वित्त सरदार मनप्रीत सिंह बादल ने छात्राओं को डिग्रियां वितरित कीं। इस अवसर पर श्री चंद्र मोहन ने समारोह की अध्यक्षता की। कॉलेज मैनेजिंग कमेटी की उपाध्यक्ष डॉक्टर सुषमा चावला तथा कोषाध्यक्ष श्री ध्रुव मित्तल ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर विद्यालय मैनेजिंग कमेटी के सदस्य श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती नीतू कपूर एवं डॉक्टर दीपाली लूथरा सदस्य भी उपस्थित हुए। विद्यालय प्राचार्या माननीय प्रोफेसर डॉ० अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कॉलेज की गत वर्ष की संपूर्ण गतिविधियों पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की और समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। माननीय अध्यक्ष महोदय श्री चंद्र मोहन जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समर्पित संवेदनशील बुद्धिजीवी कर्मठ और ईमानदार नेता के रुप में अपनी पहचान रखने वाले सरदार मनप्रीत सिंह बादल से डिग्री प्राप्त करना छात्राओं के लिए सौभाग्य का विषय है क्योंकि देश की राजनीति में ऐसे नेता हैं जिनके पास पंजाबी नहीं अपितु संपूर्ण भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने का दृष्टिकोण है और प्रतिबद्धता की भावना भी। समारोह के दौरान माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने केएमवी वाटर वॉरियर्स ड्राइव से संबंधित ट्रांसलेट की तैयारी किया। इसी विषय पर के.एम.वी. द्वारा तैयार फिल्म 'क़ंजर्व ब्लू' के पोस्टर और ब्रोशर का भी लोकार्पण किया गया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि महोदय ने अपने प्रभावशाली और बढ़िया संबोधन में छात्राओं को सुभाष चंद्र बोस, शहीदे आज़म भगत सिंह तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राजनीतिज्ञ एवं बुद्धिजीवियों के जीवन से उदाहरण देते हुए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमने समाज और प्रकृति पर जो प्राप्त किया है इसे वापस लौट आना मानव होने के नाते हम सबकी जिम्मेदारी है और उन्हें विश्वास है कि के.एम.वी. की छात्राएं सिर्फ स्वयं ही नहीं अपितु संपूर्ण मानव समुदाय को उसके इस कर्तव्य के प्रति सजग और सचेत करें। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा और योग्यता को निखारने के लिए पंजाब सरकार की

ओर से वित्तीय सहायता दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में कॉलेज के संगीत एवं नृत्य विभाग के द्वारा तैयार किया गया सूफी नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मधुमीत, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर और श्रीमती साधना टंडन के साथ-साथ समूह आयोजक मंडल को विद्यालय प्राचार्या जी ने इस सफल आयोजन के लिए मुबारकबाद दी।

## गुरु नानक देव जी के 550 वें प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रमों का आयोजन (Events on Guru Nanak Dev Ji's 550th Birth) :

कन्या महाविद्यालय में बलवंत गार्गी के भक्ति पूर्ण नाटक 'गगन में थाल' की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई जिसे इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों ने भरपूर सराहा। विद्यालय के देवराज सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में के. एम. वी मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद्रमोहन, उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा चावला, जनरल सैक्रेटी श्री आलोक जी विद्यालय प्रबंधक कमेटी के माननीय सदस्य श्रीमती नीरजा चंद्रमोहन, श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती नीतू कपूर, दीपाली लूथरा, श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर पुलिस कमिश्नर जालंधर, श्री देव पर्व लाकड़ा कमिश्नर म्युनिसिपल कार्पोरेशन जालंधर, श्री जसवीर सिंह, एडीसी डॉ. इकबाल सिंह, भूतपूर्व गवर्नर पुड्डुचेरी, श्रीमती परमजीत घुमण, प्राचार्या गवर्नमेंट आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स कॉलेज के साथ-साथ ज़िला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों तथा गणमान्य अतिथियों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को विशिष्ट गरिमा प्रदान की। विद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डॉक्टर अतिमा शर्मा द्विवेदी ने आमंत्रित अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। गुरु नानक देव जी के 550 प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किए गए इस नाटक में केएमवी की 50 छात्राओं ने श्रेष्ठ अभिनय के साथ नाटक के विभिन्न पात्रों को मंच पर जीवंत किया। प्रोफेसर महेंद्र और श्रीमती श्वेता के निर्देशन में खेले गए इस नाटक में उन्होंने मूल नाटक की आध्यात्मिक संवेदना को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ पंजाबी द्वारा आयोजित हुए इस नाटक के प्रस्तुतीकरण में संपूर्ण विद्यालय का योगदान एवं सहयोग सम्मिलित रहा। नाटक के पात्रों के लिए कॉस्टयूम पीजी डिपार्टमेंट ऑफ फैशन डिज़ाइन द्वारा तैयार किए गए। संगीत विभाग द्वारा लाइव म्यूजिक किया गया। कलाकारों का मेकअप डिपार्टमेंट ऑफ कास्मोटॉलिजी द्वारा किया गया। पीजी डिपार्टमेंट ऑफ आईटी एंड एनिमेशन द्वारा डिज़ीटल इफेक्ट दिए गए। उल्लेखनीय है कि गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर के.एम. वी के द्वारा कार्यक्रमों की एक शृंखला आयोजित की गई जिसके अंतर्गत प्रोफेसर मोहन सिंह जी द्वारा रचित 'नानकायन' की संगीतमयी प्रस्तुति और इसके पश्चात गुरु नानक वाणी के मूल सरोकार और प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन पंजाब कला परिषद्, चंडीगढ़ के सहयोग से किया गया। नाटक के सफल प्रस्तुतीकरण एवं आयोजन के लिए प्रिंसीपल महोदय सभी कलाकारों और निर्देशकों को मुबारकबाद देते हुए पंजाबी विभाग द्वारा इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किए गए विशेष प्रयत्नों की सराहना की।

### आभार ज्ञापन

संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने के उपरांत में आप सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ। संस्था का अप्रतिम इतिहास और वर्तमान उपलब्धियां उसकी स्वस्थ और पवित्र परम्पराएं तथा आधुनिकतम और नवीनतम प्राप्तियां ही इसे 'भारत की विरासत संस्था' होने का गौरव दिला सकी है। आप सभी की स्वस्थ मानसिकता, चेतना, जागरूकता, सहयोग, विश्वास और अनथक परिश्रम से ही यह संस्था स्वायत्तशासी होकर नवीनतम आयामों को छूती हुई शेष सभी संस्थाओं में अग्रणी और उनके लिए मील पत्थर बन चुकी है। कोविड-19 और लॉकडाउन की प्रतिकूल परिस्थितियों में विद्यालय यदि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ अपने विद्यार्थियों के प्रति अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने में सक्षम हुए हैं तो यह विद्यालय प्रबंध कर्तृ सभा से प्राप्त हुए मार्गदर्शन और सहयोग का ही सुफल है। आइए हम सभी मिलकर असीम विश्वास, परस्पर सहयोग और निष्ठा के साथ एक नया इतिहास गढ़ें। आने वाली पीढ़ियां संस्था की उपलब्धियों से लाभान्वित हो मानवता की सेवा में अग्रसर हों। कन्या महाविद्यालय प्रबन्धकर्तृ सभा, प्राचार्या, प्राध्यापक वर्ग, सहयोगी स्टाफ और छात्राएं चारों दिशाओं से ज्ञान अर्जित कर संस्था को समृद्ध करे। ज्ञान का आलोक हर दिशा में प्रकाशित हो और यह प्रकाश विश्व का मार्गदर्शन करने वाली ज्योति बने। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है।

**शुभाकांक्षी,**
**प्रो. ( डॉ. ) अतिमा शर्मा द्विवेदी**
**प्राचार्या**

30.07.2020